INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# दैनिक यूनिक समय

मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

वर्ष-2 | अंक-443 | मथुरा, सोमवार, 13 मई 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

## राया में बंद बक्से में मिले शव का खुलासा

# पिता का दुश्मन बना बेटा

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय,मथुरा।** राया पुलिस और स्वाट टीम की देर रात राया–हाथरस रोड भूड़री बम्बे पर हुई मुठभेड़ में पिता की हत्या कर शव को राया इलाके में बक्स में बंद कर फेंकने वाला बेटा और उसका साथी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने उनके दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस तरह हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसपी ग्रामीण त्रिगुण विसेन एवं सीओ महावन ने बताया कि थाना राया की बिचपुरी पुलिस चौकी के ग्राम अयेरा में सड़क किनारे लोहे के बक्स में मिले अज्ञात शव के मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गईं थी। इसी बीच कोतवाली पुलिस से टीम को जानकारी मिली कि अंतापाड़ा के रहने वाले मोहन लाल शर्मा छह मई से लापता थे। पुलिस ने देखा तो मृतक का हुलिया उनसे मेल खा रहा था। इस बात की पुष्टि होने पर लाश मोहन लाल शर्मा की ही है। पुलिस ने मामले की छानबीन को आगे बढ़ाया तो एक के बाद एक खुलासे होने लगे। मोहन लाल शर्मा के बेटे अजीत रासमंडली में काम करता था। अजीत की दोस्ती प्रताप नगर यमुना पार निवासी कृष्णा वर्मा से है।



पुलिस मुठभेड़ में पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवकों के बारे में जानकारी देते एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिसेन।

दोनों के होमोसेक्सुअल सबंधों की बात सामने आने पर मोहन लाल शर्मा का आए दिन बेटे से लड़ाई झगड़ा होता रहता था। झगड़े से परेशान होकर अजीत ने पिता की हत्या की योजना बनाई। 1/2 मई की रात को फिर से अजीत और मोहन लाल शर्मा में झगड़ा हुआ। इस पर अजीत ने कृष्णा के साथ मिलकर मोहन लाल शर्मा की हत्या कर दी। शव को टीन के बक्से में बंद कर बाइक से उसे राया थाना क्षेत्र में फेंक आए। जांच आगे बढ़ी तो अजीत कृष्णा के साथ उनके मित्र लोकेश निवासी भार्गव गली घीया मंडी व मौहल्ला गुजराना चौबिया पाड़ा निवासी दीपक के नाम सामने आए। पुलिस ने यमुना पुल के श्मशान घाट इलाके से 12 मई को लोकेश व दीपक को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस को अजीत और कृष्णा के बारे में जानकारी हुई। राया पुलिस और स्वाट टीम की इन दोनों से राया–हाथरस रोड पर 13 मई की तड़के भूड़ली बम्बे के समीप मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने इनसे दो देशी तमंचे, लोहे का सब्बल व हीरो हौंडा मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में राया थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, स्वाट टीम के प्रभारी अभय कुमार शर्मा, सर्विलांस प्रभारी विकास शर्मा, थाना महावन के उप निरीक्षक संजीव कुमार, उप निरीक्षक विनय कुमर, उप निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक दीपक कुमार और पुलिस टीम है।

### बेटे ने दोस्तों के साथ दिया हत्या को अंजाम

### पुलिस मुठभेड़ में हत्या में शामिल बेटे समेत दो घायल

### पुलिस ने हत्या के मामले में किया चार लोगों को गिरफ्तार

# पुल पर चढ़ रही बाइक में आग लगी



कोसीकलां–शेरगढ़ मार्ग के बीच पुल पर आग की लपटों से घिरी बाइक।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोसीकलां–शेरगढ़ मार्ग स्थित पुल पर एक बाइक यकायक आग की लपटों में घिर गई। आग लगने पर युवक बाइक से कूदकर भाग गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की मोटरसाइकिल पुल के ऊपर चढ़ रही थी कि अचानक उसके पिछले टायर में आग लग गई। बाइक सवार मोटरसाइकिल को छोड़कर भाग गया आग की लपटें धीरे–धीरे करके तेजी से बढ़ गई।

# बूट शॉप में घुसकर दो सांडों ने मचाया उत्पात

**यूनिक समय, कोसीकलां।** गली–गली घूमने वाले आवारा जानवरों से लोग अक्सर परेशान होते रहते हैं। ये जानवर कभी किसी को हादसे के मुंह में ढकेल देते हैं तो कभी किसी की संपत्ति का नुकसान कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला शहर में देखने को मिला।

बीती रात शेरगढ़ चौराहे पर एक जूते की दुकान में दो सांड लड़ते–लड़ते घुस गए और उन्होंने दुकान में रखे सारे सामान को तहस–नहस कर दिया। स्थानीय दुकानदारों ने काफी मुश्किल से सांडो को भगाया। दुकानदार नितिन गोयल ने बताया कि इस चौराहे पर प्रतिदिन कई सांड घूमते रहते हैं। किसी न किसी बात पर लड़ते रहते हैं। आज वह लड़ते–लड़ते उसकी दुकान में घुस गए और दुकान में रखें जूते चप्पल लकड़ी के काउंटर आदि को तोड़ दिया। इससे पूर्व भी आवारा घूमते सांडो ने नगर मे कई व्यक्तियों को जख्मी कर दिया, बाद में उनकी मौत भी हो गई। व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद से आवारा पशुओं के आतंक से मुक्ति दिलाने की अपील की है।

# मुड़िया मेले से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावट खोरी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोवर्धन क्षेत्र में मुड़िया पूनो मेले के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापे मारी की।

सहायक आयुक्त डॉ गौरी शंकर के निर्देशन में दानघाटी स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गए। टीम ने गिर्राज पेड़े वाले, पंडित जी, पेड़े वाले तथा यादव जी पेड़े वालों के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर संदेह के आधार पर एक–एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके साथ ही काफी मात्रा में दूषित पेड़े मिठाई को नष्ट कराया। दानघाटी पर गिरिराज जी के दुग्ध अभिषेक हेतु बिक्री होने वाले दूध की गुणवत्ता की जांच हेतु विभिन्न ब्रांड जिसमें गतिक ब्रांड, अमूल ब्रांड, ऑरलेज ब्रांड, पारस ब्रांड, परम ब्रांड, प्रयाग ब्रांड एवं मिल्कमैन ब्रांड सभी कंपनियों के दूध का एक–एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह तथा और भरतसिंह आदि शामिल थे।

### गोवर्धन में खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए नमूने

### दूषित पेड़े व मिठाई को कराया नष्ट

### मेले में पॉलीथिन का नहीं होगा प्रयोग

## खुशी | सीबीएसई का 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी

# बच्चों के पास होने पर हर तरफ खुशी का माहौल



सीबीएसई हाईस्कूल का रिजल्ट देख कर खुशियां मनाती राजीव इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12 एवं 10 परीक्षाओं के नतीजे घोषित कर दिए। नतीजे आने की खबर से दोनो कक्षाओं के परीक्षार्थी प्रफुल्लित हो उठे। अच्छे अंकों से पास होने की खुशी में किसी लाडले और लाडली को मां ने गले लगाया तो किसी लाडले–लाडली ने पिता का प्यार पाया। 12वीं कक्षा पास करने वाले लाडले–लाडलियों ने अगले कदम की ओर सोचना शुरू कर दिया कि अब भविष्य में करना क्या है।

परीक्षार्थियों को आज परीक्षा फल आने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन यह खबर जैसे ही फैली तो बहुत परीक्षार्थियों ने अपने मोबाइल फोन पर ही रिजल्ट को देख लिया तो भगवान का शुक्रिया अदा करने लगे। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अपने कॉलेज पहुंच गए और रिजल्ट देखा तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। माता–पिता का कहना है कि बच्चों ने परीक्षा देने से पहले मेहनत करना शुरू कर दिया था। परीक्षा देने के लिए जाते समय भी कोई टेंशन नहीं दिखाई देती थी। उनका लक्ष्य सही तरह से पेपर देना था। उसी का परिणाम है कि उनके बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है। यह उनकी मेहनत का परिणाम है।



## सीबीएसई का रिजल्ट देख कर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

# बोले स्टूडेंट्स...... मिला मेहनत का फल



सीबीएसई इंटरमीडिएट का रिजल्ट देख कर खुशियां मनाती राजीव इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं।

### इंटरमीडिएट के सभी वर्ग में राजीव इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सानवी अग्रवाल प्रथम

### मानविकी विषय में हनुमान प्रसाद धानुका विद्या मंदिर वृंदावन की प्रगति चमाधिया प्रथम

### विज्ञान वर्ग में श्रीजी बाबा के कौस्तुभ यादव प्रथम

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने सोमवार को अचानक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी कर दिया। स्टूडेंट्स ने अपने घरों पर मोबाइल से रिजल्ट देखा तो कुछ ने अपने स्कूलों में पहुंचकर परिणाम की जानकारी हासिल की। सीबीएसई बोर्ड ने इस बार मेरिट नहीं जारी की है।

प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है राजीव इंटरनेशनल की मेधावी छात्रा सानवी अग्रवाल ने सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कॉमर्स संकाय में 99.40 प्रतिशत अंक हासिल कर समूचे मथुरा जनपद में टॉप किया है। इसी क्रम में अनुष्का माहेश्वरी ने 97.40 तथा केव्या शर्मा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सानवी ने इंग्लिश एवं अकाउंट में, केव्या शर्मा ने पीएचई में तथा अंकुश ने इंग्लिश में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में अंकुश ने 96.20 प्रतिशत, दिव्यम अग्रवाल ने 95.20 प्रतिशत तथा सुष्मित शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल किया।

कॉमर्स संकाय में पार्थ अग्रवाल ने 94.4 प्रतिशत, अनु तिवारी ने 90.2 प्रतिशत, आयुष्का सिंह ने 89 प्रतिशत, मुस्कान गोयल ने 84.80 प्रतिशत, आशी अग्रवाल ने 85.60 प्रतिशत, दिव्या छाबड़ा, प्रज्ञा अग्रवाल एवं अदिति कुशवाहा ने 85.40 प्रतिशत, युवराज चौधरी ने 82.60 प्रतिशत, अदिति गाबा ने 81.80 प्रतिशत, देविका अग्रवाल ने 80.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इसी प्रकार विज्ञान संकाय में शौर्य प्रताप सिंह ने 93.80 प्रतिशत, हर्षिल अग्रवाल ने 93.60 प्रतिशत, दिव्यांशी अग्रवाल एवं दीक्षा ने 93 प्रतिशत, अमृत मिश्रा ने 92.40 प्रतिशत, गर्वित यादव ने 92 प्रतिशत, दक्ष सारस्वत, आदित्य माथुर, गौरव सिसोदिया ने 90.40 प्रतिशत, अभय कुंतल ने 90.20 प्रतिशत अंक पाए।

कक्षा 10वीं में रेविशी एवं रिद्वी खंडेलवाल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से स्कूल टॉप किया। कर्षित अग्रवाल ने 97.80 एवं रुद्राक्षी बंसल में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कर्षित अग्रवाल एवं रेविशी ने एसएसटी में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। महक अग्रवाल ने 96.80 प्रतिशत, न्यासा अग्रवाल ने 96.40 प्रतिशत, पर्व बंसल ने 96 प्रतिशत, वान्या बंसल ने 95.80 प्रतिशत, अवधि जैन ने 95.60 प्रतिशत, परीक्षित कुमार श्रीनिवासन, अनीक कुमार पांडे एवं रिद्धि खंडेलवाल ने 95.40 प्रतिशत, आरना मंगला ने 95.20 प्रतिशत, आदि गुप्ता ने 94.80 प्रतिशत, रुद्रप्रताप तोमर ने 94.60 प्रतिशत, अबराज अग्रवाल एवं वैदेही अग्रवाल ने 94.60 प्रतिशत, शिवांश अग्रवाल ने 94.20 प्रतिशत, उन्नति जिंदल एवं वैष्णवी अग्रवाल ने 93.80 प्रतिशत, प्रेमकृष्ण शर्मा एवं भव्य बिंदल ने 94.60 प्रतिशत, पर्णिका गोस्वामी एवं हर्षिता सिंह ने 93.40 प्रतिशत, समर्थ अग्रवाल ने 93 प्रतिशत, विधि चौधरी एवं मायरा सारस्वत ने 92.40 प्रतिशत, मुकुंद अग्रवाल ने 91.40 प्रतिशत, इशिका जैन ने 90.80 प्रतिशत, दुष्यंत शर्मा ने 90.60 प्रतिशत, प्रेशा अग्रवाल एवं यशपाल सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल तथा स्कूल की शैक्षिक संयोजिका प्रिया मदान ने छात्र-छात्राओं की शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी। बल्देव पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं छात्र अनुज कुमार (96.4%) विद्यालय में प्रथम स्थान, पारूल(95.6%) दूसरा व शिवानी सिकरवार (95.2%) तीसरा, निशा (95%) चौथा, शिवम छौंकर(92.6%) पांचवा, शोभित(91.8%) छठा, दीक्षा(91.2%)सातवां, दीपक(90.4%)आठवां, कृष्णवीर(87.4) नौवां एवं इशिका गौतम (87.2)ने दसवां विद्यालय में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक सिकरवार एवं प्रधानाचार्या डॉ.अनीता सी. सिकरवार ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।



एन्जिस स्कूल में मेधावी छात्रा को मिठाई खिलाती शिक्षिकाएं।

## सीए बनना चाहती है मेधावी सानवी अग्रवाल

इंटरमीडिएट परीक्षा में 99.40 फीसदी अंक हासिल कर समूचे मथुरा जनपद में टॉप करने वाली राजीव इंटरनेशनल स्कूल की मेधावी छात्रा सानवी अग्रवाल भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों तथा माता-पिता को देती है। वह कहती है कि सभी को हमेशा अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान देना चाहिए।

सेंटपॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथुरा में इंटरमीडिएट के कॉमर्स वर्ग में छात्रा खुशी अग्रवाल ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, महक भार्गव 97.2 अंक लेकर द्वितीय, शिवम चतुर्वेदी 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, दिव्यांशी शर्मा 90.6 प्रतिशत अंकर लेकर चतुर्थ, अनमोल चतुर्वेदी 90.4 प्रतिशत अंक लेकर पंचम स्थान पर रहे। विज्ञान वर्ग में हर्षित उपाध्याय ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, क्रिश गर्ग 93.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, हिमांशी शर्मा 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, सजल शर्मा 91.4 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान पर रहे। रोमैक्स इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं कक्षा में अर्नव भारद्वाज 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, मिशिका गर्ग 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, श्रद्धा शर्मा 92 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान, शौर्य तिवारी, साहित्य शर्मा व भूमिका ने 90 प्रतिशत एवं वेदांश शुक्ला ने 87 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। अन्य विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग की छात्रा आख्या अग्रवाल ने 95 प्रतिशत प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम, वाणिज्य वर्ग से सनी यादव 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, कला वर्ग से आयुष गुर्जर 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रहे। प्रधानाचार्या डॉ. प्रिया चौधरी ने कहा कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का परीक्षाफल अच्छा रहा है। चेयरमैन एसपी सिंह और निदेशक कृष्णा चौधरी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। पुलिस मार्डन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10. रूमत आफरीन 95% अंक के साथ प्रथम, रोशनी कुमारी 94.8% प्राप्त कर द्वितीय, अंकित खोखर तथा.अनिकेत चौधरी 93% अंक प्राप्त कर तृतीय, रिया 92%अंक के साथ चतुर्थ, ललित कुमार तथा 7.यश चौहान 90% अंक के साथ पांचवे स्थान, कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग की छात्रा अंशु 96.8% अंक के साथ प्रथम, मानवेंद्र सिंह 94.1% अंक के साथ द्वितीय, सुमित कटारा 93.2% अंक के साथ तृतीय व संकल्प शर्मा ने 92.8% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या रिचा वशिष्ठ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

एन्जिस में कक्षा दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स का सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य वर्ग में ध्रुव अग्रवाल, विज्ञान वर्ग में आकर्षित कौशिक ने विद्यालय टॉप किया। पलक मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में अक्षज शर्मा ने विद्यालय टॉप किया। पूर्वांश, अर्जान, शौर्य, साक्षी छिपी, भक्ति, आराध्या तथा रिया ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। प्रबंधक दिनेश चंदअग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश चौधरी एवं प्रधानाचार्य अंकित खण्डेलवाल ने सभी शिक्षक व छात्र.छात्राओं को बधाई दी।

पार्वती राधाकिशन फोमरा स्कूल में इटरमीडिएट परीक्षा में छात्र निश्चया खत्री 97.4 प्रतिशत, अध्या यादव ने 97 प्रतिशत, दिव्या अरोरा 96.8 प्रतिशत, संस्कृति मित्तल 95 प्रतिशत, हर्दिमा बंसल 95 प्रतिशत , हाईस्कूल परीक्षा में प्रयांशी बंसल ने 99.4, राब्या सारस्वत 97.4 प्रतिशत, दिविशा गर्ग 96.8 प्रतिशत, अपूर्वा शर्मा 96.6 प्रतिशत, राघव खंडेलवाल 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

जे.एस.बी. पब्लिक स्कूल की प्रिया ने 95 प्रतिशत, सचिन कुन्तल ने 90 प्रतिशत, बृजगोपाल दीक्षित ने 88 प्रतिशत और अमन कुन्तल ने 81 प्रतिशतः अंक अर्जित किये। वहीं परीक्षा परिणाम में दीपक अग्रवाल ने 93 प्रतिशत, अंजलि सिंह तरकर ने 88 प्रतिशत, गगन प्रसाद शर्मा ने 87 प्रतिशत, गुन्जन सिंह ने 83 प्रतिशत, शुभम सिंह ने 83 प्रतिशत, हरेन्द्र ने 82 प्रतिशत और कामिनी ओमप्रकाश ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरिकृष्ण भदौरिया ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

रतनलाल फूल कटोरी देवी विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके फिर एक बार बुलंदियों को चूमा। कक्षा दशम में कृतिका शर्मा ने 98% , कक्षा द्वादश में कुमारी नंदिनी उपाध्याय व प्राची सिंह ने 95% अंक प्राप्त किए। कुमारी भूमि वार्ष्णेय ने 94% , वंशिका वर्मा ने 94% तथा निहारिका ने भी 94% अंक प्राप्त किए।

प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## सीबीएसई इंटरमीडिएट के मेधावी



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सानवी अग्रवाल 99.4% आरआईएस | अनुष्का माहेश्वरी 97.4% आरआईएस | केव्या शर्मा 97% आरआईएस | अंकुश 96.2% आरआईएस | दिव्यम अग्रवाल 95.2% आरआईएस |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सुष्मित शर्मा 95% आरआईएस | निश्चय खत्री 97.4% बिरला स्कूल | अद्या यादव 97% बिरला स्कूल | दीया अरोड़ा 96.8% बिरला स्कूल | संस्कृति मित्तल 95% बिरला स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रिद्धिमा बंसल 95% बिरला स्कूल | आकृषित कौशिक 93% एन्जिस स्कूल | ध्रुव अग्रवाल 92% एन्जिस स्कूल | पलक मिश्रा 91% एन्जिस स्कूल | खुशी अग्रवाल 97.4% सेंट पॉल्स स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| महक भार्गव 97.2% सेंट पॉल्स स्कूल | हर्षित उपाध्याय 94.4% सेंट पॉल्स स्कूल | शिवम चतुर्वेदी 93.4% सेंट पॉल्स स्कूल | क्रिष गर्ग 93.4% सेंट पॉल्स स्कूल | हिमांशी शर्मा 91.4% सेंट पॉल्स स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सजल शर्मा 91.4% सेंट पॉल्स स्कूल | आख्या अग्रवाल 95% रोमैक्स स्कूल | आयुष गुर्जर 90% रोमैक्स स्कूल | तरुणा चाहर 98.2% कान्हा माखन स्कूल | ध्रुव अग्रवाल 97% कान्हा माखन स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आनंद कुमार 96.8% कान्हा माखन स्कूल | परी अग्रवाल 96.2% कान्हा माखन स्कूल | गौरी अग्रवाल 96% कान्हा माखन स्कूल | खुशी जिंदल 95.6% कान्हा माखन स्कूल | अनुज कुमार 96.4% बल्देव पब्लिक स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पारूल 95.6% बल्देव पब्लिक स्कूल | शिवानी 95.2% बल्देव पब्लिक स्कूल | निशा 95% बल्देव पब्लिक स्कूल | शिवम् छौंकर 92.6% बल्देव पब्लिक स्कूल | दीक्षा अग्रवाल 91.2% बल्देव पब्लिक स्कूल |

## सीबीएसई हाईस्कूल के मेधावी



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रेविशी 98% आरआईएस | रिद्वी 98% आरआईएस | कर्षित अग्रवाल 97.8% आरआईएस | रुद्राक्षी बंसल 97.4% आरआईएस | महक अग्रवाल 96.8% आरआईएस |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूर्वांश सिसौदिया 93% एन्जिस स्कूल | अक्षज शर्मा 93% एन्जिस स्कूल | अरजान कुरैशी 93% एन्जिस स्कूल | अरनव भारद्वाज 98% रोमैक्स स्कूल | मीशिका गर्ग 97% रोमैक्स स्कूल |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांशी बंसल 99.4% बिरला स्कूल | राव्या सारस्वत 97.4% बिरला स्कूल | दिविशा गर्ग 96.8% बिरला स्कूल | कनक अग्रवाल 98.6% कान्हा माखन स्कूल | कृष्णम अग्रवाल 98.3% कान्हा माखन स्कूल |

### सवा लाख के जेवरात व नकदी भी हुई बरामद

# सुनार की दुकान में चोरी करने वाली चार महिलाएं गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी पुलिस ने सुनार की दुकान में धोखा धड़ी करके चोरी करने वाली चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सवा लाख रुपये के जेवरात और 3200 रुपये की नकदी बरामद की है।

एएसपी (थाना प्रभारी रिफाइनरी) ट्विंकल जैन ने बताया कि 11 मई को बरारी के एक सुनार की दुकान से चोरी व धोखाधड़ी करने वाली अज्ञात महिलाओं के बारे में रिपोर्ट थाना रिफाइनरी में दर्ज कराई गई थी।



गिरफ्तार महिलाओं, बरामद नोट और जेवरातों के साथ एएसपी ट्विंकल जैन व पुलिस स्टाफ।

घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की गई।

जांच कर रही टीमों की ओर से छानबीन की जा रही थी। पुलिस को इस बात का पता लगा कि सुनार की दुकान में चोरी करने वाली महिलाएं काशी राम कॉलोनी के कट के पास देखी गई हैं। पुलिस ने मौके से चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से दुकान से चुराए गए सवा लाख रुपये के जेवरात के अलावा 3200 रुपये की नकदी भी बरामद हुई। महिलाओं को गिरफ्तार करने वाली टीम में एएसपी ट्विंकल जैन के अलावा उप निरीक्षक विपिन तोमर, उप निरीक्षक मोहित कुमार, महिला उप निरीक्षक कुमारी प्रिया सिवाच के अलावा पुलिस कर्मी शामिल थी।

## हत्या के प्रयास में अदालत ने तीन युवकों को ठहराया दोषी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय,मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश पंचम डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने हत्या के प्रयास मामले में तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 15 मई को सुनवाई की जाएगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता अवनीश उपाध्याय ने बताया कि 22 दिसंबर 2020 को महावीर सिंह निवासी प्रताप नगर लक्ष्मीनगर ने थाना यमुनापार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र उमेश पप्पू के खोखे पर बैठकर चाय पी रहा था। इसी दौरान रिषभ और कृष्णा वहां शराब पीकर आए। आरोप लगाया कि वह उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उमेश के विरोध करने पर दोनों अभी आकर देख लेने की धमकी देकर चले गए। उमेश चाय पीने के बाद वहां खड़ा होकर पेशाब कर रहा था। इसी

### सजा के बिंदुओं पर 15 मई को होगी सुनवाई

बीच रिषभ और कृष्णा अपने साथ भोला को लेकर आए। भोला ने उमेश को गोली मार दी।

गोली मारने के बाद तीनों वहां से भाग गए। पुलिस ने भोला को गिरफ्तार कर उमेश पर गोली चलाने वाला तमंचा बरामद कर लिया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने इस मामले में सात गवाहों की गवाई कराई। न्यायाधीश ने गवाहों की गवाही और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीनों को दोषी ठहराया। सजा के बिंदु पर 15 मई को न्यायालय

## श्रीकृष्ण जन्म स्थान के प्रवेश द्वार का कार्य आखिरी दौर में



श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आगे डीग गेट से पहले मैन सड़क पर बनाए प्रवेश द्वार का नजारा।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्म स्थान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नया प्रवेश द्वार अलग अनुभूति कराएगा। भूतेश्वर–वृंदावन मार्ग पर डीग गेट तिराहा से पहले मैन सड़क पर बनाए प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य अब करीब–करीब पूरा है या आखिरी दौर में है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दूर से ही श्रीकृष्ण जन्म स्थान आने का लोगों को आभास होगा। इससे पहले गेट नंबर दो पर गोविंद नगर थाने के आगे एक प्रवेश द्वार पहले ही बन चुका है। प्रवेश द्वार निर्माण के कारण श्रद्धालुओं के वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है।

## वरिष्ठ कवि रामदेव शर्मा राही का दिल्ली में सम्मान



नई दिल्ली में छाता के वरिष्ठ कवि रामदेव राही को सम्मानित करते अतिथि।

संवाददाता

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया के बैनर तले नई दिल्ली में आयोजित लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में छाता के वरिष्ठ कवि रामदेव शर्मा राही का सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि श्री राही को दो विश्व रिकॉर्ड तथा दो इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज दो ग्रंथों, भारत को जानें के लिए भारत कीर्ति अलंकरण सम्मान और आयुर्वेद को जानें के लिए आयुष कीर्ति अलंकरण सम्मान मिला। दोनों पुस्तकों की मुख्य संपादक डॉ. ममता सैनी(तंजानिया) हैं। भारत को जानें ग्रंथ में कवि रामदेव शर्मा राही ने आंध्र प्रदेश के लिए दोहा चौपाई छंदों में अपनी प्रस्तुति दी है वहीं आयुर्वेद को जानें ग्रंथ में एलोवेरा(घृतकुमारी) के लिया दोहा, भावार्थ में इसके औषधीय उपयोग के बारे में लिखा है। संचालन अल्पना सुहासिनी ने किया।


बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ



Narayan Das Agrawal
Chancellor

करनी हो समाज की रक्षा तो बेटी की करो सुरक्षा

GLA UNIVERSITY MATHURA
Recognised by UGC Under Section 2(f)
Accredited with A+ Grade by NAAC
12-B Status from UGC
26 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE

Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Email us at : admission@gla.ac.in
+91-9027068068 www.gla.ac.in


## उत्तर प्रदेश के अंदर आउटसोर्सिंग नहीं चलेगी



नगर पंचायत फरह में उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश काजू का स्वागत करने के बाद पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर पंचायत फरह स्थित वाल्मीकि मंदिर पर उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश काजू का स्वागत किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर आउटसोर्सिंग नहीं चलेगी। चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश स्तर पर एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। अनुरोध किया है कि पूरे उत्तर प्रदेश

### लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद यूपी में होगा आंदोलन

के अंदर कोई भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी काम नहीं करेगा स्वागत करने वालों में राजू, चंद्रभान चंदेल, राम सिंह बाल्मीकि, मुकेश मिस्त्री, नरेश चंदेल, कन्हैयालाल, चंदेल, विशंभर दयाल, जंग जीत, भूपेंद्र, राजेंद्र, राजेश, मनीष एवं प्रदीप राजू आदि शामिल थे।


के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

न्यूरोलॉजी विभाग



Dr. Prince Agrawal
DM NEUROLOGY
G.B. Pant Hospital, New Delhi
(Neurophysician)


दिमाग एवं नसों के समस्त रोगों का इलाज

- लकवा, दौरे तथा खून का बहना Brain Stroke (Paralysis), Brain Hemorrhage
- दौरे पड़ना (Epilepsy)
- सिर दर्द (Headache, Migraine)
- पीठ में दर्द, कमर दर्द, नसों की दिक्कत
- पार्किन्सन रोग का होना Parkinson's Disease Movement Disorders (Dystonia)
- मस्तिष्क ज्वर, मेनिनजाइटिस (ब्रेन टी. बी.) Encephalitis, Meningitis (Brain TB)
- मल्टीपल स्केलेरोसिस/ऑप्टिक न्युरेटिस Multiple Sclerosis/Optic Neuritis
- याददाश्त का कमजोर होना Memory Loss (Dementia, Alzheimer Disease)
- माँसपेशी का नष्ट होना Myopathy/Muscular Dystrophy, Neuromuscular Disease
- नसों में कमजोरी होना Peripheral Neuropathy, GBS, CIDP Monoeuritis Multi
- लम्बर एवं सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटस Lumbar & Cervical Spondylitis
- बेहोशी का होना (Syncope)
- सिर चकराना (Vertigo)
- नींद का विकार (Sleep Disorder)
- इलेक्ट्रोफिजियोलश्वजिकल स्टडीज Electrophysiological studies
- कंपन की शिकायत

| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| NCV 2 Limb | 2500 | 1500 |
| NCV 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG 2 Limb | 2500 | 1500 |
| EMG 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG Surface Single Limb | 2000 | 800 |
| EMG Surface Double Limb | 3500 | 1500 |
| Blink Reflex | 4000 | 2500 |
| RNS | 4000 | 2500 |
| BAER | 3000 | 1500 |
| VEP | 3000 | 1500 |
| SSEP | 4000 | 2500 |
| EEG (Routine) | 2000 | 1000 |

ओ.पी.डी. प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
24/7 आपातकालीन

फ्री ओ.पी.डी. नं. 6 कमरा नं. 2136








प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
हेल्थ इंश्योरेंस से कैशलेस ईलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा








# जनता दरबार में फरियादी, नहीं सुन रही पुलिस


एसएसपी ऑफिस में सोमवार को लगी फरियादियों की भीड़।


सोमवार को एसएसपी ऑफिस के शिकायत नम्बर लेने को काउंटर पर फरियादियों की लगी भीड़।

कार्यालय संवाददाता

## एसएसपी ऑफिस में भीड़ देखकर लग रहा था कि थानों में नहीं हो रही सुनवाई

## प्रतिदिन सैकड़ों की शिकायतें, एसएसपी के आदेश को हवा में उड़ा रही पुलिस

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभाओं में निरंतर दावा कर रहे हैं कि यूपी की पुलिस शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सभी एसएसपी व एसपी को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में फरियादियों की शिकायतों का तुरंत निस्तारण करायें। ताकि वह बार बार अधिकारियों पास अपनी शिकायत लेकर नहीं आए, लेकिन कप्तान साहब! जनपद में ऐसा नहीं हो रहा है। आपके कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में शिकायतें आ रही हैं। उन शिकायतों का भी संबंधित थानों से निस्तारण नहीं हो रहा है। अधिकांश लोगों का कहना है कि वे थाने जाते हैं तो पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने पहले भी एसएसपी साहब के यहां अपनी शिकायत दी, उस पर कार्रवाई के आदेश एसएसपी ने किए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सोमवार को एसएसपी कार्यालय में गर्मी के मौसम में अपनी फरियाद लेकर आने वालों की भीड़ प्रातः से ही लग गई। सैकड़ों की संख्या में फरियादी अपना नम्बर आने का इंतजार कर रहे थे। जितने पुरुष थे उतनी ही महिलाएं शिकायत लेकर पहुंची थीं। पूर्वान्ह 11.30 बजे एसएसपी कार्यालय में घुसते ही शिकायत दर्ज कराने के काउंटर पर भी भीड़ थी। एसएसपी ऑफिस के गेट पर बेंच और कुर्सियों पर फरियादी बैठे हुए थे। इनके लावा ऑफिस में टीन शेड में लगी बेंचों पर लोग बैठे हुए थे।

किसी ने कहा कि वह घर से प्रातः छह बजे निकलकर आए है तो किसी ने कहा कि कई बार वह अपनी शिकायत दर्ज करा चुके है। कोई युवती अपने ससुरालीजनों से परेशान होकर यहां आई थी। तो कोई वृद्ध एसएसपी से न्याय मांगने आया हुआ था। किसी की थाना पुलिस मारपीट के मामले में सुनवाई नहीं कर रही थी। जनता दरबार के दौरान एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय नहीं बैठे थे। उनकी जगह एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार फरियादियों की शिकायतें जनता दरबार के दौरान एसएसपी ऑफिस में सुन रहे थे।

# मिड डे मील के खाने में निकले कीड़े

## प्राथमिक विद्यालय के किसी भी बच्चे ने नही खाया खाना

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों में बांटे जाने वाले मिड डे मील के खाने में कीड़े निकलने से हड़कंप मच गया। अक्षय पात्र संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गए इस खाने को एक विद्यालय के छात्रों ने आज नहीं खाया। इस कारण गर्मी के मौसम में छात्र विद्यालय समय में भूखे रहे। प्राथमिक स्कूल रामगढ़ी ब्लॉक नौहझील की शिक्षा मित्र उम्रा ने बताया कि सोमवार को अक्षय पात्र द्वारा मिड डे मील के खाने की सब्जी में बड़ी गिड़ार निकल आई। इस खाने को आज किसी भी बच्चे ने नहीं खाया। उसने इसकी सूचना मिड डे मील के सुपरवाइजर ने अरविंद को दी। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक योगेश ने बताया कि आज वह अवकाश पर थे। क्योंकि उनका स्वास्थ्य खराब था। खाने में कीड़े निकलने की सूचना उनको सुपरवाइजर से मिली थी।

# एसकेएस मेडीकल कॉलेज में दस से.मी. की बड़ी गांठ का ऑपरेशन



स्वास्थ्य संवाददाता

**यूनिक समय, चौमुंहा (मथुरा)।** एसकेएस हॉस्पिटल मेडीकल कॉलेज में बझेड़ा निवासी चन्द्राकान्ता पेट में बड़ी गांठ होने की बीमारी से ग्रस्त थी। उसके पेट में 10 से.मी.आकार की बड़ी गांठ होने के कारण हालत गंभीर बनी हुई थी। स्थिति बिगड़ने पर एसकेएस हॉस्पिटल में लाया गया। वरिष्ठ सर्जन डॉ गुलशन कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शुभदा शर्मा व डॉ प्रतिभा ने टीम के साथ पेट में बड़ी गांठ का ऑपरेशन किया। एस.के.एस ग्रुप के चेयरमैन एस के शर्मा ने सफल ऑपरेशन के लिए वरिष्ठ सर्जन डॉ गुलशन कुमार, डॉ सुभदा शर्मा, डॉ प्रतिभा व? उनकी सर्जरी टीम को बधाई दी। और बताया कि एसकेएस हॉस्पिटल में मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन व परीक्षण किये जा रहे है।

## मंदिर की जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्ष आए आमने सामने

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बरसाना के नंदगांव में एक प्लॉट पर कब्जे को लेकर बीती रात दो पक्ष लाठी डंडे लेकर एक दूसरे के आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभाल लिया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों के चार लोगों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार नंदबाबा मंदिर की जमीन के एक प्लॉट पर कब्जे को लेकर दोनों ही पक्षों के लोग एक दूसरे से झगड़ने के लिए आमने-सामने आ गए। झगड़ा होने का पता लगने पर तुरंत ही नंदगांव पुलिस चौकी से पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्ष झगड़ते इससे पहले ही पुलिस ने मामले को शांत करा दिया। इस बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद निर्वाल ने बताया कि जिस जमीन पर झगड़े की बात कही जा रही है वो जमीन नंद बाबा मंदिर की है। इस पर पूरन पंडा ने छाता कोर्ट से 206 में स्टे करा लिया था। उस समय से जमीन उसकी देखरेख में थी। 9 मई को दूसरे पक्ष बालकिशन के पक्ष में सीनियर डिवीजन ने जमीन पर आदेश कर दिया। बालकिशन पक्ष इस पर कब्जा के लिए गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान


साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, वृन्दावन।** रुक्मणि विहार स्थित भक्ति धाम में भक्ति धाम वेलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उत्कृष्ट लेखन के लिए साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष के.एल. बंसल (सेवानिवृत्त, सी.बी.आई. अधिकारी), सचिव संदीप कुमार सिंघला, कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता व चंडीगढ़ के उद्योगपति अरुण गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से उनको प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह (अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर का मॉडल), अंग वस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला आदि प्रदान किया।

इस अवसर पर जगद्गुरु, पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के मेयर विनोद अग्रवाल, उप सभापति मुकेश सारस्वत, कल्याणम् करोति के महासचिव सुनील शर्मा व सह सचिव निरुपम भार्गव आदि उपस्थित थे।


प्रिया-95% (12th) जेएसबी स्कूल


सचिन-90% (12th) जेएसबी स्कूल



दीपक-93% (10th) जेएसबी स्कूल


अंजलि-88% (10th) जेएसबी स्कूल




युवान CLINIC & DIAGNOSTICS

डॉ. सौरभ सिंह ताल्यान
M.B.B.S., M.D. (Paediatrics)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक : बृज चिकित्सा संस्थान दरेसी, मथुरा
: IOCL मथुरा रिफाइनरी हॉस्पिटल : AIIMS (Ex Senior Resident)
डॉ. हिमानी दहिया
M.B.B.S., M.D. (Pathology)
पूर्व चिकित्सक: K.D. Medical College, Mathura
: AIIMS (Ex Senior Resident)
• बच्चों के सभी प्रकार के टीकाकरण (वैक्सीनेशन) की सुविधा उपलब्ध ।
• नवजात शिशु से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की बीमारी का इलाज ।
• खून, पेशाब, हार्मोन्स एवं सभी प्रकार की जाँच रियायती दरों पर।
• घर से सेम्पल लाने की सुविधा उपलब्ध ।
मधु एन्क्लेव, पालीखेड़ा, सौंख रोड, मथुरा / मो. 9520033690

संवाददाता/पत्रकार संपर्क करें
मथुरा जिले के गोवर्धन, सौंख, नौहझील, फरह, महावन, नन्दगांव आदि अन्य सभी क्षेत्रों के युवा साथी अथवा अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते हैं।
पवन गौतम (संपादक)

यूनिक बिल्डिंग (जूडियो के सामने)
कृष्णा नगर, चौराहा, मथुरा
Mob. 98371-15157 I 94127-27299

## गर्मी के बीच बारिश और ओलों से मौसम बदला

# बाजार में ग्राहक भागे इधर-उधर



मथुरा शहर में बारिश के दौरान जाते युवक-युवती।



मथुरा शहर में बारिश के दौरान पड़े ओले सड़क पर बिछे हुए।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कई दिनों से गर्मी से परेशान लोगों को सोमवार की सायं को राहत मिली। आसमान में छाए बादल गरज के साथ बरसे तो बाजारों में खरीदारी को निकले लोगों में अफरा तफरी मच गई। कई जगह तो ओले भी पड़े। बारिश और ओले पड़ने से मौसम बदल गया।

जिले में भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों से तापमान करीब चालीस डिग्री सेल्सियस चल रहा था। इस तापमान के कारण लोग चिलचिलाती धूप से झुलसने लगे। धूप बर्दाश्त से बाहर हो रही थी। लोगों ने दोपहर के वक्त घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। इस कारण सड़कों पर सन्नाटा नजर आया। मौसम विभाग दो दिन से आंधी, बारिश और ओले पड़ने का संकेत दे रहा था। यह संकेत सोमवार की सायं को सच निकला। आसमान में छाए काले बादलों ने जिले भर में डेरा डाल दिया। सायं ढलने जैसा नजारा कई घंटे पहले हो गया। आसमान में उड़ते पक्षी भी अपने घौसलों की ओर चले गए। बाजार में खरीदारी कर रहे लोग कभी आसमान की ओर देखते तो कभी अपने काम की ओर। देखते ही देखते आसमान से बादल बरसने लगे। सड़कों पर पानी दिखाई देने लगा। यकायक ओले भी पड़ने लगे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बारिश और ओले पड़ने की खबर है। बारिश के कारण कई इलाको में विद्युत आपूर्ति भी गुल हो गई। फरह क्षेत्र में गिरे ओलों के कारण टीन फट गई।

## तीन हत्या के आरोपियों की जमानत हुई खारिज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग ने वृंदावन में हुई विकास गर्ग की हत्या के मामले में पूजा जोग सहित तीन अभियुक्तों की जमानत प्रार्थना पत्रों को खारिज कर दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवाराम सिंह ने बताया कि 26 अक्टूबर को वाणी आश्रम के समीप रसिन बिल्डिंग के पीछे मिले विकास के शव के मामले में उसके भाई नितिन ने अभियुक्त पूजा जोग उसके पति राजकुमार जोग व अज्ञात के खिलाफ विकास की हत्या का मुकदमा वृंदावन कोतवाली में दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पूजा जोग, रमणी सिंह उर्फ राजन व अमन मुंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तीनों की ओर से दिए गए जमानत प्रार्थना पत्र को जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग ने खारिज कर दिया।

## दिनेश शर्मा पर लगाए गुंडा एक्ट को हटाया जाए

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की आवाज उठाने वाले हिन्दूवादी नेता दिनेश शर्मा पर गोवर्धन पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट की कार्रवाई करने के विरोध में सनातनी हिन्दुओं ने लामबंद होकर डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने दिनेश शर्मा के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई को वापस लेने के लिए डीएम के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने कहा कि कृष्ण भक्त सनातनी पर यदि इस प्रकार की घृणित कार्रवाई की जाएगी तो सनातन हिंदू चुप नहीं बैठेगा। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष ठाकुर नरेश सिंह, महंत कृष्णानंद राय, विहिप नेता राजनारायण शर्मा, प्रदेश मंत्री राजेश शास्त्री, महानगर महामंत्री राहुल गौतम, पार्षद चंद्रप्रकाश पाराशर, जिला मंत्री कान्हा पंडित, मुनेश गौतम तथा ठाकुर महेश बघेल आदि शामिल थे।

## तुझसे जीवन मिलता है मां तू ही भाग्य विधाता है




श्री अग्रवाल सभा महिला समिति के बैनर तले मातृ दिवस पर आयोजित समारोह में माता का सम्मान करती पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल सभा महिला समिति के बैनर तले अग्रवाटिका में अंजना अग्रवाल की अध्यक्षता में मातृ दिवस पर मातृ वंदन किया। संस्था की प्रगति में अभूतपूर्व योगदान के लिए बुजुर्ग माता निर्मला व ओमवती अग्रवाल का सुषमा, शशि, लता अग्रवाल, मीरा मित्तल ने शॉल व पटुका पहिना स्मृति चिन्ह देकर उनकी वंदना की। कार्यक्रम में व्यवस्थापिका चारु सिंघल, सावित्री बंसल, रेखा व श्वेता अग्रवाल ने तुझसे जीवन मिलता है माँ तू ही भाग्य विधाता है गीत प्रस्तुत किया। मीरा ब्लू डॉट, छाया, शशि, व संतोष ने कैसी होती है माँ ऐसी होती है माँ गीत पर माँ की अनुभूतियों से रूबरू कराया। रेनू, वंदना, प्रीति, नीतू अग्रवाल ने नृत्य नाटिका में सुदृढ़ पर्यावरण की व्याख्या की। माँ-बेटी के जलवों की प्रतियोगिता के तीन राउंड परिचय, नृत्य व प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागी माँ-बेटियों में पूजा-वंशिका, आरती-आशी, नीतू-विधि, राधिका-तृप्ति व अंशु-अनुष्का ने अपनी कलाओं के जलवे बिखेरे। संयोजिका एवं निर्णायका मीरा अग्रवाल व आशा अग्रवाल ने आरती व आशी माँ-बेटी को प्रथम विजेता घोषित किया। हाऊजी विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंत्री मधु अग्रवाल ने आभार जताया।

## तमंचा कारतूसों के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** सुरीर कोतवाली पुलिस ने झंडा तिराहा खैर रोड से एक अभियुक्त को देशी तमंचा व कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त गांव बेरा निवासी चरन सिंह है।

KRIDHA GOLD
House of Unique Jewellery
HUID
6 - Digit Hallmark
22KT Verified. Gold
Rate→9557807485
Outside Holigate, Mathura
# HUID hai toh Sona hai

### बी.एस.ए. इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्कशॉप

## सरफेस इंजीनियरिंग और माइक्रो मशीनिंग को समझाया



अतिथि को सम्मानित करते हुए संस्थान के चेयमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, आगरा सेन्टर के सहयोग से वर्कशॉप का आयोजन किया गया। विषय सरफेस इंजीनियरिंग और माइक्रोमशीनिंग था।

मेकेनिकल विभागाध्यक्ष वरूण छाबड़ा ने बताया कि इस कार्यशाला में छात्रों को सरफेस इंजीनियरिंग और माइक्रोमशीनिंग को विस्तार से समझाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. बसंता कुमार भुइयाँ, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड स्टडीज, फरीदाबाद ने इस विषय पर व्याख्यान दिया। सरफेस इंजीनियरिंग और माइक्रोमशीनिंग के बारे में समझाया। बताया कि सरफेस इंजीनियरिंग और माइक्रोमशीनिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भौतिक स्तंभ है। कार्यक्रम संयोजक रजनीश कुमार यादव के साथ सुधीर बाजपेयी, डॉ. धैर्य प्रताप सिहं, ब्रज भूषन यादव, लव अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## विप्र समाज ने निकाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



बरसाना में भगवान परशुराम की सवारी के आगे चलते ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना ।** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की शोभायात्रा काली मां के अखाड़े के साथ कस्बा में निकाली गई। शोभायात्रा सेठ बिहारी लाल पोद्दार बगीचा से प्रारंभ होकर सुदामा चौक, बाग मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, स्टेट बैंक, नया बस स्टैंड, बांस मोहल्ला, पश्चिमी कटरा, पूर्वी कटरा, पड़ाव मोहल्ला, टांटिया मोहल्ला, रंगीली चौक तथा फूलगली होते हुए सेठ बिहारी लाल पोद्दार बगीचा पर पहुंचकर संपन्न हुई। कस्बा वासियों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का जगह जगह ठंडाई, शरबत, कोल्डड्रिंक पिलाकर पुष्प वर्षा कर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में काली मां के अखाड़े में चल रही पटे बाजी का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा।सेठ बिहारी सेठ बगीचा में विप्र समाज के अध्यक्ष प्रयागराज श्रोत्रिय ने भगवान

### लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके किया स्वागत

परशुराम के चित्रपट पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष कृष्ण दयाल गौड़ (कोका पंडित), महामंत्री चंद्रशेखर पंडा, राकेश श्रोत्रिय, हरि शंकर श्रोत्रिय, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, गौ सेवी चन्द्रशेखर बाबा, पप्पू गोस्वामी, गोकुलेश कटय एडवोकेट, रूपचंद्र श्रोत्रीय, रासबिहारी गोस्वामी, शिवकुमार गौड़, रविकांत शर्मा, कैलाशी गौड़, प्रेम श्रोत्रिय, प्रिया हलवाई, सोनू गौड़, सौरव गोस्वामी, श्रीकांत, कुणाल गौड़, प्रेम प्रभाकर श्रोत्रिय, देवांश गौड़, कार्तिक गौड़( किद्धू भैया), आकाश श्रोत्रिय, राहुल गौड़, मिताश गौड़ एवं चिराग गौड़ आदि शामिल थे।

## वृंदावन में परशुराम शोभायात्रा 30 मई को निकलेगी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** भगवान श्री परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक में विप्र संगठन को एकजुट कर एक मत से 30 मई को भगवान परशुराम शोभायात्रा निकालने पर सहमति बनी। इसके लिए उदयन शर्मा को शोभायात्रा संयोजक चुना गया।



भगवान श्री परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक में पदाधिकारी।

### परशुराम शोभायात्रा के संयोजक बने उदयन शर्मा

यह जानकारी अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारीलाल वशिष्ठ ने दी।

ब्राह्मण सेवा संघ के संस्थापक चंद्रलाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम शोभायात्रा के माध्यम से समाज को एकता व अखंडता के सूत्र में बांधने का प्रयास होगा। ब्राह्मण महासभा के संस्थापक सुरेशचंद्र शर्मा ने कहा कि शोभायात्रा में वृंदावन ही नहीं बल्कि ब्रजमंडल के अन्य जगह से भी विप्र समाज की सहभागिता रहेगी। समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम व संयोजक उदयन शर्मा ने कहा कि शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए ब्रज ब्राह्मण महासंघ, सर्व ब्राह्मण सभा, विश्व वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ, परशुराम वाहिनी, ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा, ब्राह्मण महिला सभा आदि संस्थाओं के पदाधिकारी (संगठन अनेक, शोभायात्रा एक) की विचारधारा पर सामूहिक रूप से एकजुटता का परिचय देते हुए शामिल रहेंगे। इस अवसर पर परशुराम शोभायात्रा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आशीष गौतम चिंटू, योगेश द्विवेदी, महेश भारद्वाज, सत्यभान शर्मा, आनंद वल्लभ गोस्वामी, श्यामसुंदर गौतम, कृष्णचंद्र गौतम छीता, अमित गौतम पिंटू, वंशी तिवारी, श्याम कुमार शर्मा, राजनारायण ब्रजवासी, रमेशचंद्र विधि शास्त्री, जीवनदत्त शर्मा, गोपाल शरण शर्मा, चंद्रनरायण शर्मा, रामेश्वर शर्मा, रामदत्त मिश्रा, विनीत द्विवेदी, दीपक गोस्वामी, ब्रजेश शर्मा, अश्विनी शर्मा एवं गोपाल कृष्ण शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन सुभाष गौड़ लाला पहलवान ने किया।

## चौथे चरण के मतदान में पश्चिम बंगाल में भड़की हिंसा

# बीरभूम पर बीजेपी और टीएमसी नेताओं के बीच झड़प

**यूकि समय, नई दिल्ली।** नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के मतदान शुरू हो गए हैं। देश के 10 राज्यों में 96 सीटों पर वोटिंग हो रही है। हालांकि इसी बीच पश्चिम बंगाल से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच में झड़प हो गई है।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने टीएमसी वर्कर्स पर बड़ा आरोप लगाया है। बीजेपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीरभूम के एक पोलिंग स्टेशन के बाहर उनका स्टॉल मौजूद था। मगर टीएमसी के लोगों ने बीजेपी का स्टॉल तोड़ दिया, जिसके बाद दोनों पार्टी के लोगों में झड़प शुरू हो गई है।



बीजेपी कार्यकर्ताओं के आरोपों पर टीएमसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमें नहीं पता था कि बीजेपी कैंप का ऑफिस कहां पर है? हम अपना काम कर रहे थे। उन्हें सीसीटीवी कैमरा चेक करना चाहिए। उन्हें पता चल जाएगा कि ये किसने किया है? जिसने भी ये किया है उसे हिरासत में लें। उन्हें पता है कि वो हारने वाले हैं इसलिए इस तरह का माहौल बनाकर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में भी टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प देखने को मिली है। दोनों पार्टी के लोग एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि पुलिस और सेना के लोग बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। मगर कार्यकर्ता रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। टीएमसी नेता राम प्रसाद हलदर ने मामले पर बयान देते हुए कहा कि भाजपा के लोग सुबह 6 बजे से केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ आकर वोटिंग को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। वो बाहर से पोलिंग एजेंट लाए हैं। हमने और मतदाताओं ने इसका विरोध किया तो झड़प शुरू हो गई।




# अंबानी-अडानी पैसे दें तो हमला बंद कर देंगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के एक बयान ने कांग्रेस को मुश्किल में डाल दिया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल की बहरामपुर से कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अधीर कथित तौर पर यह कहते नजर आ रहे हैं कि अगर अडानी और अंबानी उन्हें पैसे भेजते हैं तो वह उन पर हमला बंद करने पर विचार कर सकते हैं। अब इस वीडियो का आधार बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है और पार्टी पर राजनीतिक जबरन वसूली करने का आरोप लगाया है। आइए समझते हैं ये पूरा मामला।

अधीर रंजन के वायरल वीडियो पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने चौधरी के हालिया इंटरव्यू को शेयर किया और लिखा- "उन्होंने कांग्रेस की पोल खोलते हुए कहा कि जैसे ही अडाणी-अंबानी कांग्रेस को पैसा देंगे, वे उन पर हमला करना बंद कर देंगे।"

### अधीर रंजन के बयान पर भड़की भाजपा

उन्होंने कहा कि इनमें से एक पर राहुल गांधी ने हमला करना पहले ही बंद कर दिया है। मालवीय ने आगे कहा कि कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी का यह कृत्य राजनीतिक वसूली से कम नहीं है।"भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि अधीर रंजन का ये कृत्य तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के कृत्य के बराबर है। दरअसल, महुआ ने भारतीय कारोबारियों पर संसद में हमला बोलने के लिए दुबई स्थित एक व्यवसायी से कथित तौर पर पैसे और महंगे उपहार लिए थे। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी अधीर रंजन की टिप्पणी पर निशाना साधा है। पूनावाला ने कहा कि आईएनसी का मतलब है आई नीड करप्शन। उन्होंने अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणियों को कांग्रेस का असली हफ्ता वसूली मॉडल बताया है।

# धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं देने देंगे : पीएम

**यूनिक समय, मुजफ्फरपुर।** पीएम मोदी ने बिहार के मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी जंगलराज वाली पार्टी चारों खाने चित होने जा रही है। मैं हिंदुस्तान में जहां-जहां गया, बिहार में गया, एक ही आवाज आ रही है, एक ही स्वर सुनाई दे रहा है..फिर एक बार मोदी सरकार।

पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने देगा। ये मोदी की गारंटी है।' पीएम मोदी ने कहा, '10 साल पहले महंगाई की स्थिति क्या थी? तब एक ही गाना चलता था महंगाई डायन खाये जात है। तब महीने की 20 हजार रुपये की आमदनी पर कांग्रेस सरकार कहती थी, टैक्स दो। आज मोदी ने ऐसा सुधार किया है कि 50-60 हजार रुपये तक की आय पर आपको एक नया पैसा नहीं देना होगा।' पीएम मोदी ने कहा, 'इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, पहना देंगे। अब उनको आटा भी चाहिए, उनके



पास बिजली भी नहीं है। हमें मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं।'

पीएम ने कहा कि देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता है। आप अपने मोहल्ले में भी ढीला-ढाला पुलिसवाला या टीचर पसंद करते हैं क्या? पुलिस और टीचर भी मजबूत चाहिए या नहीं? तो देश में पीएम भी मजबूत होना चाहिए या नहीं? देश को कमजोर पीएम चला सकता है क्या?

पीएम ने कहा कि कोई मुंबई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है। कोई सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है। ये लेफ्ट वाले तो भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंडिया गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ किसी से सुपारी ले ली है।

## पहले मौलाना निकालते थे, अब राज ठाकरे ने निकाला फतवा

# बोले-ये लोग अपना सिर ऊपर नहीं निकाल पाते हैं...

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे चुनाव प्रचार करने के लिए पुणे पहुंचे। यहां वोट जिहाद पर उन्होंने खूब बोला। उन्होंने इस दौरान एक फतवा भी निकाला। राज ठाकरे ने कहा कि इस बार राज ठाकरे एक फतवा निकाल रहा है। इसके बाद उन्होंने हिंदू माता, बहनों और लोगों से खास अपील की।



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चौथे चरण के लिए अब 13 मई को मतदान किया जाना है। इस बीच देश में वोट जिहाद शब्द खूब सुनने को मिल रहा है। अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा इस शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। अब वोट जिहाद के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने आक्रामक रुख अपना लिया है। राज ठाकरे ने फतवा निकाला है। उन्होंने फतवा निकालते हुए हिंदू समाज के लोगों से अपील की कि भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट और अजित पवार गुट के एनसीपी को जमकर मतदान करें। बता दें कि राज ठाकरे पुणे से भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।

पुणे में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुस्लिम मोहल्ला और मस्जिदों से फतवे निकल रहे हैं कि कांग्रेस के उम्मीदवारों को सभी मुस्लिम समाज के लोग मदद करें और मतदान करें। कई मुसलमान हैं जो समझदार हैं, जिनके पास दिमाग है। वह इनकी (मौलानाओं) राह पर नहीं चलेंगे। उनको समझ में आ रहा है कि क्या सियासत हो रही है। आज चुनाव है तो आप फतवे निकाल रहे हैं। राज ठाकरे ने कहा कि आखिर आपने मुस्लिम समाज को समझ क्या रखा है। क्या आपके घर की भेड़-बकरियां हैं। उनके (मुसलमानों) भी समझ आ रहा है कि यह हो क्या रहा है।

राज ठाकरे ने अपने भाषण में कहा कि मुसलमानों को पता है कि कौन उनका इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन देखिए, चुनाव के दौरान फतवे निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस को मतदान करिए, उद्धव ठाकरे को वोट दीजिए। अगर मस्जिदों से यह मौलवी इस तरह फतवे निकाल रहे हैं कि इन्हें मतदान करिए तो आज राज ठाकरे फतवा निकाल रहा है। मेरे तमाम हिंदू भाइयों, बहनों और माताओं से अपील करता हूं कि मुरलीधर मोहोल हो या भाजपा, शिंदे की शिवसेना हो या अजित पवात गुट के उम्मीदवार, उन्हें जमकर मतदान करिए। यह जो कई लोगों की हलचल चल रही है कि कांग्रेस को मतदान करिए, यह क्यों हो रहा है क्योंकि पिछले 10 सालों से ये लोग (कट्टरपंथी) अपना सिर ऊपर नहीं निकाल पा रहे हैं।

## साक्षी महाराज का बड़ा दावा

# अखिलेश..राहुल..ओवैसी..डिंपल सब हारेंगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देश में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव शुरू हो चुके हैं। 10 राज्यों में 96 सीटों पर मतदान हो रहे हैं। इस फेहरिस्त में सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की भी 13 सीटें शामिल हैं। हालांकि इन 13 सीटों में से सबकी नजर 2 बड़ी सीटों पर है। पहली कन्नौज, जहां से सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं तो दूसरी उन्नाव, जहां भाजपा के कद्दावर नेता साक्षी महाराज तीसरी बार हाथ आजमा रहे हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो चुके हैं। ऐसे में साक्षी महाराज ने मतदान के बाद विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला है। साक्षी महाराज ने कहा कि अगर



प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार कहा है तो मुझे लगता है कि बीजेपी 400 से ज्यादा सीटें जरूर जीतेगी। विपक्ष के सभी बड़े नेता हारेंगे। फिर चाहे वो कन्नौज से अखिलेश यादव हों, मैनपुरी से डिंपल यादव, हैदराबाद से ओवैसी, वायनाड और रायबरेली से राहुल गांधी ही क्यों ना हो, सबकी हार तय है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी के साथ बहस का न्यौता स्वीकार कर लिया था, जिस पर बयान देते हुए साक्षी महाराज ने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस कभी बहस के लिए तैयार नहीं थी। जब संसद में

### बोले-पीएम मोदी ने बोला है 400 पार तो जीतेंगे

जरूरी विषयों पर चर्चा हो रही थी तब उन्होंने सदन का ही बहिष्कार कर दिया था। तो अब जो खुली चुनौती दे रहे हैं वो कायर हैं। उनके अंदर हमारे शेर (मोदी जी) का सामना करने की हिम्मत नहीं है। हम राहुल गांधी को कैसे कह सकते हैं कि आइए पीएम से बहस करिए, जब कि वो जनता के मतों से जीतने वाले सांसद भी नहीं हैं। जब वो संसद में नहीं जाने वाले तो उनसे बहस करके क्या फायदा?

# विधायक ने वोटर, वोटर ने विधायक को जड़े थप्पड़

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच एक अजीबो गरीब घटना सामने आई है। आंध्र प्रदेश एक पोलिंग बूथ पर विधायक और वोटर के बीच में मारपीट हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल ये मामला आंध्र प्रदेश के गुंटूर स्थिति तेनाली इलाके का है। लोकसभा चुनाव के बीच में आंध्र प्रदेश की कुछ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। ऐसे में तेनाली के एक पोलिंग बूथ पर लोग वोट डालने की कतार में खड़े थे। इसी दौरान एसआरसीपी पार्टी के विधायक शिवकुमार भी वोट देने पहुंचे। मगर उन्होंने लाइन में लगना मुनासिब नहीं समझा। बस फिर क्या था कतार में खड़े एक मतदाता ने विधायक साहब को टोंका और विधायक का पारा सांतवे आसमान पर चढ़ गया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विधायक शिवकुमार वोटर की तरफ चिल्लाते हुए आगे बढ़ते हैं और उसे जोरदार थप्पड़ जड़ देते हैं। हालांकि वोटर भी शांत नहीं बैठता और बदले में वो भी विधायक को करारा तमाचा लगा देता है। इसी दौरान दोनों में झड़प शुरू हो गई और दोनों ने एक-दूसरे को एक के बाद एक लगातार कई चांटे लगा दिए।

## सम्पादकीय

# पाक के भेदभावपूर्ण रूख से चढ़ा पीओके का पारा

हर क्रिया की उसकी विपरीत दिशा में समान प्रतिक्रिया होती है। न्यूटन के गति के इस तीसरे सिद्धांत की जीती-जागती तस्वीरें इन दिनों पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नजर आ रही हैं। बिजली और आटे की बढ़ती कीमतों को लेकर पीओके के लोग पाकिस्तान के साथ अपनी संघीय सरकार के खिलाफ सड़कों पर हैं।



पवन गौतम
संपादक

पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं। दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार उपेक्षा झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है।

पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के लद्दाख के साथ मिलाने की मांग उठाई थी। तब प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े।

## नजरिया

# पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता?

ललित गर्ग

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण पूरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दशाया है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने वाले नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम् पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल।

महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनाव रूपी महायज्ञ आज 'महाभारत' बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है।

क्या कभी सत्तापक्ष या विपक्ष से जुड़े लोगों ने या नये उभरने वाले राजनीतिक दावेदारों ने, और आदर्श की बातें करने वाले लोगों ने, अपनी करनी से ऐसा कोई अहसास दिया है कि उन्हें सीमित निहित स्वार्थों से ऊपर उठा हुआ राजनेता समझा जाए? यहां नेताओं के नाम उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं न ही राजनीतिक दल महत्वपूर्ण है, महत्वपूर्ण है यह तथ्य कि इस तरह का कूपमण्डूकी नेतृत्व कुल मिलाकर देश की राजनीति को छिछला ही बना सकता है। सकारात्मक राजनीति के लिए जिस तरह की नैतिक निष्ठा की आवश्यकता होती है, और इसके लिए राजनेताओं में जिस तरह की परिपक्वता की अपेक्षा होती है, उसका समूचे विपक्षी दलों में अभाव एक पीड़ादायक स्थिति का ही निर्माण कर रहा है। और हम हैं कि ऐसे नेताओं के निर्माण में लगे हैं!

चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरुआत मानी जाती है, पर आज चुनाव लोकतंत्र का मखौल बन चुके हैं। चुनावों में वे तरीके अपनाएं जाते हैं जो लोकतंत्र के मूलभूत आदर्शों के प्रतिकूल पड़ते हैं। इन स्थितियों से गुरजते हुए, विश्व का अव्वल दर्जे का कहलाने वाला भारतीय लोकतंत्र आज अराजकता के चौराहे पर है। जहां से जाने वाला कोई भी रास्ता निष्कंटक नहीं दिखाई देता। इसे चौराहे पर खड़े करने का दोष जितना जनता का है उससे कई गुना अधिक राजनैतिक दलों व नेताओं का है जिन्होंने निजी व दलों के स्वार्थों की पूर्ति को माध्यम बनाकर इसे बहुत कमजोर कर दिया है। आज ये दल, ये लोग इसे दलदल से निकालने की क्षमता खो बैठे हैं। महाभारत की लड़ाई में सिर्फ कौरव-पांडव ही प्रभावित नहीं हुए थे। उस युद्ध की चिंगारियां दूर-दूर तक पहुंची थीं। साफ दिख रहा है कि इस महाभारत में भी कथित अराजक राजनीतिक एवं आर्थिक ताकतें अपना असर दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इन स्थितियों में अब ऐसी कोशिश जरूरी है जिसमें 'महान भारत' के नाम पर 'महाभारत' की नई कथा लिखने वालों के मंतव्यों और मनसूबों को पहचाना जाए। अर्जुन की एकाग्रता वाले नेता चाहिए भारत को, जरूरी होने पर गलत आचरण के लिए सर्वोच्च नेतृत्व पर वार करना भी गलत नहीं है।

यह सही है कि आज देश में ऐसे दलों की भी कमी नहीं है, जो नीति नहीं, व्यक्ति की महत्वाकांक्षा के आधार पर बने हैं, लेकिन नीतियों की बात ऐसे दल भी करते हैं। जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए कथनी और करनी की असमानता चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने में हमारे राजनीतिक दलों ने नीतियों-आदर्शों के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत नहीं किए हैं, जो जनतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत और स्वस्थ होने का संकेत देते हों, फिर भी यह अपेक्षा तो हमेशा रही है कि नीतियां और नैतिकता कहीं-न-कहीं हमारी राजनीति की दिशा तय करने में कोई भूमिका निभाएंगी। भले ही यह खुशफहमी थी, पर थी। अब तो ऐसी खुशफहमी पालने का मौका भी नहीं दिख रहा। लेकिन यह सवाल पूछने का मौका आज है कि नीतियां हमारी राजनीति का आधार कब बनेंगी? सवाल यह भी पूछा जाना जरूरी है कि अवसरवादिता को राजनीति में अपराध कब माना जाएगा? यह अपने आप में एक विडम्बना ही है कि सिद्धांतों और नीतियों पर आधारित राजनीति की बात करना आज एक अजूबा लगता है। यह सही है कि व्यक्ति के विचार कभी बदल भी सकते हैं, पर रोज कपड़ों की तरह विचार बदलने को किस आधार पर सही कहा जा सकता है? सच तो यह है कि आज हमारी राजनीति में सही और गलत की परिभाषा ही बदल गई है- वह सब सही हो जाता है जिससे राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति होती हो और वह सब गलत हो जाता है जो आम आदमी के हितों से जुड़ा होता है, यह कैसा लोकतंत्र बन रहा है, जिसमें 'लोक' ही लुप्त होता जा रहा है?

नरसी मेहता रचित भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे'' गांधीजी के जीवन का सूत्र बन गया था, लेकिन यह आज के नेताओं का जीवनसूत्र क्यों नहीं बनता? क्यों नहीं आज के राजनेता पराये दर्द को, पराये दुःख को अपना मानते? क्यों नहीं जन-जन की वेदना और संवेदनाओं से अपने तार जोड़ते? कोई भी व्यक्ति, प्रसंग, अवसर अगर राष्ट्र को एक दिन के लिए ही आशावान बना देते हैं तो वह महत्वपूर्ण होते हैं। पर यहां एक दिन की अजागरूकता पांच साल यानी अठारह सौ पचीस दिनों को अंधेरों के हवाले करने की तैयारी होती है। यह कैसी जिम्मेदारी निभा रहे हैं हम वोटर होकर और कैसा राजनीतिक नेतृत्व निर्मित हो रहा है?

## विचार-विंडो

# लोकसभा चुनाव के दौरान रंग भेद की राजनीति

सुरेश हिंदुस्तानी

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत ख़ास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज़ अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ता धर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है। सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का असफल प्रयास करते हैं। ऐसे प्रयासों से भले ही यह भ्रम पाल ले कि उसने केन्द्र सरकार को घेर लिया, लेकिन वास्तविकता यही है कि इसके भंवर में वह स्वयं ही फंसी नजर आती है।

कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं। इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

### टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले फैंस को बड़ा झटका

# सीन विलियम्स ने अचानक संन्यास का किया ऐलान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के ठीक बाद टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। ये टूर्नामेंट 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा। लेकिन टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले क्रिकेट फैंस को एक बड़ा झटका लगा है। एक स्टार खिलाड़ी ने अचानक टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ये खिलाड़ी पिछले 18 साल से टी20 क्रिकेट खेल रहा था। हालांकि ये खिलाड़ी वनडे और टेस्ट फॉर्मेट में खेलना जारी रखेगा।



जिम्बाब्वे के दिग्गज ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान सीन विलियम्स ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह हाल ही में बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच खेली गई टी20 सीरीज का हिस्सा थे। लेकिन सीरीज के आखिरी मैच बाद उन्होंने टी20 क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीन विलियम्स ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के खत्म होने के बाद उन्होंने अपने फैसले की जानकारी साथी खिलाड़ियों की दी।

बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई इस सीरीज में सीन विलियम्स ने सिर्फ 2 मैच ही खेले थे।

पहले मैच में वह गोल्डन डक पर आउट हुए थे और सीरीज के आखिरी मैच में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। इस सीरीज के बाद जिम्बाब्वे की टीम के साथ काम करने वाले बीसीबी के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि सीन विलियम्स ने टी20 इंटरनेशनल से रिटायर होने का फैसला किया है और उन्होंने इसकी जानकारी मुकाबले के बाद अपनी टीम के खिलाड़ियों को दे दी थी। 37 साल के सीन विलियम्स ने साल 2006 में अपने टी20करियर की शुरुआत की थी।

उन्होंने अपना पहला टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इस दौरान उन्होंने अपने टी20 करियर में कुल 81 मैच खेले। इन मैचों में सीन विलियम्स ने 1691 रन बनाए, जिसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। बल्ले के साथ–साथ उन्होंने गेंद से भी कमाल किया और अपने टी20 करियर में 48 विकेट हासिल किए। बता दें आगामी टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की टीम हिस्सा नहीं ले पाएगी। पिछले साल क्वालीफायर राउंड में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

# कन्नड़ अभिनेता पर हुआ जानलेवा हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो इस वक्त तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक एक्टर खून से लथपथ दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर उन्होंने अपने साथ हुए इस हादसे के बारे में बताया है। जानिए कौन हैं वो एक्टर जिनपर जानलेवा हमला हुआ है।

आमतौर पर सेलेब्स के साथ आए दिन कोई न कोई हादसे होते रहते हैं। इसी बीच अब हाल ही में एक एक्टर के साथ ऐसा हादसा हुआ है, जिसे सुनकर आप सब के रौंगटे खड़े हो जाएंगे। जी हां, सोशल मीडिया पर हाल ही में एक एक्टर ने अपना एक वीडियो शेयर किया है,



जिसमें वह खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में उनके चेहरे से लेकर कपड़े तक पर खून ही खून दिख रहे हैं। एक्टर ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया है कि उनके साथ ये हादसा कब और क्यों हुआ।

### खून से लथपथ वीडियो शेयर कर सुनाई आपबीती

बता दें कि जिस एक्टर के साथ ये हादसा हुआ है वो हैं कन्नड़ अभिनेता चेतन चंद्रा जो 'राजधानी' और 'जरासंध' जैसी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। एक्टर ने अपना वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि वो बीती रात अपनी मां को मंदिर लेकर गए थे। लेकिन जब वह दर्शन करके वापस लौट रहे थे तब कथित तौर पर लगभग 20 लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। एक्टर के मुताबिक वो लोग उन्हें लूटने की कोशिश कर रहे थे। पहले तो नशे में धुत एक व्यक्ति ने उनकी कार को टक्कर मारी थी। इसके बाद कई लोग उनकी कार का पीछा करने लगे। इसके बाद एक बड़ा समूह इकट्ठा हुआ और कागलीपुरा के पास उन पर हमला कर दिया। वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक्टर घायल और खूनी दिख रहे हैं। उनकी नाक भी टूट गई है।

वहीं वीडियो में एक्टर ने न्याय की अपनी मांग पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### आरसीबी ने आखिर ऐसा क्या किया!

# बैक टू बैक पांच मैच कैसे जीते

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आरसीबी के फैंस के चेहरे पर एक बार फिर से खुशी दिखाई देने लगी है। आरसीबी ने पिछले कुछ मैचों में कमाल का प्रदर्शन किया है। इसके बाद एक बार फिर से टीम प्लेऑफ की रेस में आ गई है। टीम इस वक्त नंबर 5 पर पहुंच गई है और अगर आरसीबी अपना अगला मैच जीत जाती है और बाकी समीकरण भी उसी के हिसाब से बनते हैं तो फिर टीम टॉप 4 में भी पहुंच सकती है। इस बीच अब सवाल ये है कि 6 मैच हारने के बाद आखिर ऐसा क्या ही बदलाव हुआ, जो आरसीबी की टीम एक बार फिर से विजय रथ पर सवार हो गई है और बाकी टीमों की मुश्किल बढ़ा दी है। इसका खुलासा टीम के तेज गेंदबाज यश दयाल ने खुद ही कर दिया है।



दिल्ली कैपिटल्स को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 47 रन से हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल ने कहा कि पिछले कुछ मैचों में हमारे प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया है। यह हमारे लिए बड़ा पॉजिटिव रहा। यश दयाल ने कहा कि जब आरसीबी को हार का सामना करना पड़ रहा था, तब भी ड्रेसिंग रूम में टीम एकजुट थी। बोले कि जब आप लगातार मैच हारते हैं, जैसा कि हमारे साथ हुआ तो मनोबल थोड़ा कम हो जाता है। लेकिन हमने इसे स्वीकार किया और अच्छी वापसी की। दयाल ने कहा कि जब हम हार रहे थे तब भी किसी पर उंगलियां नहीं उठाई गईं। हम पूरे सीजन पॉजिटिव बने रहे।

दिल्ली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए? निर्धारित 20 ओवर में 187 रन बनाए थे। यानी दिल्ली के सामने जीत के लिए 188 रनों का टारगेट था। वैसे तो ये रन काफी होते हैं, लेकिन इस साल का आईपीएल जिस तरह से खेला जा रहा है, उसके हिसाब से ये बड़ा टोटल नहीं था। लेकिन आरसीबी को अपना नेट रन रेट सुधारने के लिए बड़ी जीत चाहिए थी, जो काम उनके गेंदबाजों ने किया। दिल्ली की पूरी टीम मिलकर 19.1 ओवर में ही आउट हो गई और केवल 140 रन ही बोर्ड पर बने। इससे आरसीबी ने 47 रन से मैच अपने नाम कर लिया। इसके दो फायदे हुए। एक तो टीम ने दो अंक अर्जित कर लिए, वहीं दूसरा ये कि उसका नेट रन रेट भी अब काफी ज्यादा हो गया है। अब टीम 12 अंक लेकर इस वक्त अंक तालिका में नंबर 5 पर पहुंच गई है। यानी टीम अगर अपना अगला मैच चेन्नई सुपरकिंग्स से जीत जाती है तो उसके पास कुल 14 अंक हो जाएंगे। लेकिन इसके लिए जरूरी होगा कि बाकी मैचों के परिणाम आरसीबी के हिसाब से आएं, वहीं टीम सीएसके को एक बड़े अंतर से हराए। क्योंकि चेन्नई सुपरकिंग्स के पास पहले से ही 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट पर मामला फंसेगा और जिस टीम का एनआरआर ज्यादा होगा, वो टीम टॉप 4 में चली जाएगी। अभी तक केवल केकेआर ही ऐसी टीम है, जो आधिकारिक रूप से प्लेऑफ में है, बाकी 3 स्पॉट के लिए टीमों के लिए रस्साकशी जारी है। देखना होगा कि आरसीबी क्या इस बार प्लेऑफ में जाने में कामयाब हो पाती है।




# विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में इस वक्त रोमांचक मुकाबले जारी हैं। अब तक केवल श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने ही प्लेऑफ में एंट्री की है। बाकी कुछ टीमें इसके दरवाजे पर खड़ी हैं, लेकिन उन्हें और मैच जीतने की जरूरत है। इस बीच अगर इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज की बात करें तो विराट कोहली अभी भी नंबर एक की कुर्सी पर विराजमान हैं, उनकी लीड अब और भी बढ़ गई है।

इंडियन प्रीमियर लीग में इस साल सबसे ज्यादा रन आरसीबी के विराट कोहली ने बनाए हैं। वे अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं, जो इस साल 600 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने अब तक 13 मैच खेलकर 661 रन बना लिए हैं। उनका औसत 66.10 का है, वहीं वे 155.16 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

इसके बाद अगर दूसरे नंबर के बल्लेबाज की बात की जाए तो यहां पर सीएसके के रुतुराज गायकवाड हैं। उन्होंने 13 मुकाबले खेलकर 583 रन अब तक बनाने का काम किया है। उनका औसत 58.30 का है और स्ट्राइक रेट 141.50 का है। उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक अब तक लगाए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले ट्रेविस हेड 11 मैच खेलकर 533 रन बना चुके हैं और वे इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कब्जा किए हुए हैं। उनके नाम एक शतक और 4 अर्धशतक अब तक आ चुके हैं।

इन टॉप 3 बल्लेबाजों के बाद अगर टॉप 5 में शामिल तीन और खिलाड़ियों की बात की जाए तो गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले साई सुदर्शन नंबर चार पर हैं। उन्होंने 12 मैच खेलकर अब तक 527 रन बना लिए हैं। उनके नाम एक शतक और दो अर्धशतक अब तक आए हैं। इस बीच राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन नंबर 5 पर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच खेलकर अब तक 486 रन अपने नाम कर लिए हैं। वे अब तक शतक तो नहीं लगा पाए हैं, लेकिन कुल 5 अर्धशतक लगा चुके हैं।

### 'फूल और कांटे' में अजय देवगन के साथ भिड़ने वाला रॉकी याद है?

# अब बन गया है मौलाना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'फूल और कांटे' में नजर आने वाले एक्टर आरिफ खान तो आपको याद ही होंगे। 'रॉकी' के नाम से मशहूर आरिफ खान की अजय देवगन से भिड़ंत फिल्म का सबसे धांसू सीन था। अब एक्टर ने एक्टिंग छोड़ दी है और धर्म की राह पर निकल पड़े हैं।



साल 1991 रिलीज हुई फिल्म 'फूल और कांटे' सुपरहिट रही। इस फिल्म में अजय देवगन और मधु की जोड़ी देखने को मिली। फिल्म में आरिफ खान लीड विलेन के रोल में थे। उनके किरदार का नाम रॉकी था। ये किरदार लोगों का पसंदीदा रहा। इस फिल्म में उनके स्टाइलिश अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया और उन्हें एक के बाद एक कई रोल ऑफर होने लगे। इस सब के बीच ही 'फूल और कांटे' फेम एक्टर ने फिल्मों से दूरी बना ली। उन्होंने अचानक ही लाइमलाइट की इस दुनिया को अलविदा कह दिया और चकाचौंध से दूर धर्म की राह चुन ली। काफी वक्त तक वो गुमनाम जिंदगी बिताते रहे, लेकिन अब वो मौलाना आरिफ खान के नाम से दोबारा चर्चा में आ गए हैं।

## सुविचार

जरूरत के बगैर भी लोगों का ख्याल रखना एक अच्छे व्यक्तित्व की पहचान होती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 02:50-04:19 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | पुष्य | 11:23-01:05 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | | 05:35 AM | चंद्रोदय | 10:54 AM |
| सूर्यास्त | | 18:56 PM | चंद्रास्त | 12:53 PM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | कर्क राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 11:49 AM-12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:00-04:48 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 03:35 से 05:15 तक | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### इन राशियों के जातकों को करनी चाहिए कंदब के पेड़ की पूजा

# सारी परेशानियां होंगी दूर



### इस तरह से करें कदंब के पेड़ की पूजा

- कदंब के पेड़ की पूजा किसी भी दिन की जा सकती है।
- इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करने के बाद पूजा करें।
- पेड़ की जड़ों में जल चढ़ाएं और फूल अर्पित करें।
- कदंब के पेड़ की 108 परिक्रमा करें। साथ ही इस मंत्र का जाप करें।
- ॐ नमः श्री कदंबेश्वराय नमः

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ज्योतिष शास्त्र में सभी पेड़-पौधे की पूजा करने के बारे में बताया गया है। ऐसा करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कदंब का पेड़ गुरु ग्रह से जुड़ा हुआ है। गुरु ग्रह को ज्ञान, शिक्षा, बुद्धि, समृद्धि और भाग्य का कारक ग्रह माना जाता है।

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि इनमें देवी-देवताओं का वास होता है। ज्योतिष के अनुसार, जो जातक पेड़-पौधों की विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं। उसकी सभी परेशानियां दूर हो सकती है और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। इसके अलावा ग्रह दोष से निजात मिलता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कदंब का पेड़ गुरु ग्रह से जुड़ा हुआ है। गुरु ग्रह को ज्ञान, शिक्षा, बुद्धि, समृद्धि और भाग्य का कारक ग्रह माना जाता है। कंदब के पेड़ की पूजा करने से गुरु ग्रह मजबूत होता है और जातक को इन सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है। अब ऐसे में कदंब के पेड़ की पूजा किस राशि के जातकों को करनी चाहिए।

**वृषभ राशि :** कंदब के पेड़ की पूजा वृषभ राशि के जातकों को विशेष रूप से करनी चाहिए। दरअसल, कंदब का पेड़ ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। अगर इसकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाए, तो जातकों को जीवन में सफलता मिल सकती है। यदि आप इस पेड़ की विधिवत पूजा-अर्चना की जाए, तो जातकों को जीवन में सफलता मिलती है। साथ ही व्यक्ति को ग्रह दोष से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा अगर आपको मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है, तो प्रतिदिन आप कदंब के पेड़ की पूजा करें।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वाले लोग के कदंब के पेड़ की पूजा ब्रह्म मुहूर्त में करें। ऐसा कहा जाता है कि इस पेड़ की पूजा करने से जातकों के दापत्य जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। कदंब का पेड़ प्रेम और सुख का प्रतीक होता है। इसकी पूजा करने से जीवन में प्रेम और सुख प्राप्त होता है।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातक कदंब के पेड़ की पूजा करें। जातकों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। वहीं कदंब का पेड़ मोक्ष और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। इसकी पूजा करने से उन्हें मोक्ष प्राप्ति में सहायता मिल सकती है।

# भूल कर भी कमरे में यहां न रखें टेबल!



**यूनिक समय, मथुरा।** फेंगशुई हमारे आस-पास के वातावरण के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद करती है। लेकिन कई बार कुछ चीजों को गलत जगह पर रख देने से ऊर्जा के फ्लो में बाधा उत्पन्न होती है। जिसके कारण व्यक्ति को अपने प्रोफेशनल लाइफ में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ जाता है। करियर में सफल होना हर व्यक्ति की चाह होती है जिसके लिए वह दिन रात मेहनत करता है। आज हम आपको उन बातों के बारे में बताने का रहे हैं जिसकी मदद से आप करियर में आ रही तरह-तरह की परेशानियों को दूर कर सकते हैं।

वर्क टेबल को कभी भी कमरे के अंदर ठीक दरवाजे के सामने नहीं रखना चाहिए। यह काम करने वाले व्यक्ति को भ्रमित और उत्तेजित कर सकता है। कमरे में वर्क टेबल को इस तरह से रखें कि उस पर बैठने वाले व्यक्ति की पीठ दीवार की ओर हों। टेबल को कभी भी कमरे के बीचों-बीच नहीं रखना चाहिए। इससे काम कर रहा व्यक्ति अपनी शक्ति और अधिकार खो देता है। काम के वक्त आने वाली परेशानियों को दूर रखने के लिए अपने काम करने की जगह को साफ-सुथरा रखें।

अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर को डेस्क के पश्चिमी कोने की ओर रख दें। बिजनेस में तरक्की पाने और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए प्रिंटर, टेलीफोन और फैक्स मशीन को डेस्क के दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर रखें। काम करते समय अपनी एनर्जी को एक स्तर पर बनाएं रखने के लिए अर्थात् आपका काम करने में मन लगा रहे। इसके लिए डेस्क पर लाल कलर के गमले में एक छोटा सा पेड़ लगाकर रखना चाहिए।

सैलरी में बढ़त और अधिक मुनाफा कमाने के लिए टेबल पर एक मनी ट्री या बैम्बू ट्री लगा कर रखना चाहिए। भूलकर भी टेबल पर कैक्टस या एलोवेरा जैसे नुकीले पौधे नहीं लगाने चाहिए। काम के समय अशांति और हलचल की भावना से बचने के लिए कंप्यूटर केबल और दूसरे सभी तरह के केबल को छिपा देना चाहिए।

खिड़की के नीचे टेबल रखने से पहले इस बात की अच्छी तरह जांच कर लें कि वहां से कोई तांक- झांक न करता हों।

यदि कोई ऐसा करे भी तो उसे चीजें स्पष्ट रूप से दिखाई न दें।

# नया घर बनवाने से पहले दिशाओं का रखें खास ध्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** अपना घर हर किसी का सपना होता है लेकिन यदि घर बनवाते समय वास्तु नियमों का ध्यान न रखा जाए तो आशियाने में वास्तु दोष भी लग सकता है। जिसके कारण घर में कलह-कलेश और परिवार में आपसी मतभेद भी रह सकते हैं। इसलिए इसका निर्माण करवाने से पहले कुछ वास्तु नियमों का ध्यान रखना जरूरी होता है। जिससे आशियाने में पॉजिटिव एनर्जी और मां लक्ष्मी का वास रहेगा। मेन गेट पूर्व, उत्तर-पूर्व या पश्चिम दिशा में होना शुभ माना जाता है। इस दिशा में मेनगेट होने से घर में सौभाग्य और सुख-शांति का घर में वास होता है। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण, उत्तर-पश्चिम या फिर दक्षिण-पूर्व दिशा में प्रवेश द्वार का निर्माण करवाना चाहिए। आंगन भी घर का मुख्य भाग माना जाता है। इसे पूर्व या उत्तर दिशा में बनवाना शुभ माना जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि आप आंगन घर के बीच में बनवाने वाले हैं तो इसके उत्तर दिशा में पूजा घर और दक्षिण पूर्व दिशा में रसोईघर बनवा सकते हैं। आंगन घर का मुख्य बिंदू माना जाता है। इसलिए इसे ब्रह्मा स्थान भी कहते हैं। मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा स्थान को हमेशा साफ और खुला रखना चाहिए। घर के मुखिया का बेडरूम पश्चिम दिशा में होना शुभ माना जाता है। इसके अलावा शादीशुदा जोड़े का बेडरूम उत्तर और उत्तर पश्चिम दिशा में होना चाहिए। लेकिन बेडरूम कभी भी दक्षिण पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। पूजा घर ईशान कोण में बनवाना चाहिए। इस दिशा में पूजा घर होने से सूर्योदय के दौरान सूर्य की किरणें घर में पड़ती है जिससे पॉजिटिव एनर्जी का घर में वास होता है। इसके आसपास या ऊपर नीचे कभी भी शौचालय या स्नान घर नहीं बनवाना चाहिए।

बाथरूम उत्तर-पश्चिम या फिर उत्तर कोने में होना चाहिए। इससे घर में पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है। उत्तर-पूर्व या पूर्व में बाथरूम नहीं बनवाना चाहिए इससे घर में नेगेटिव एनर्जी का वास हो सकता है और आपको जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

किचन दक्षिण-पूर्व दिशा में होना अच्छा माना जाता है। इसके अलावा स्टोव, चूल्हा, बर्नर या किचन में इस्तेमाल प्रयोग होने वाले अग्नियंत्र पूर्व दिशा में होने चाहिए। किचन में नल, वॉश बेसिन उत्तर-पूर्व दिशा में होना शुभ माना जाता है।

# वैशाख पूर्णिमा पर रहेगा भद्रा का साया, जानिए शुभ मुहूर्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह पूर्णिमा तिथि को पूर्णिमा का व्रत रखा जाता है। इस समय वैशाख का महीना चल रहा है और वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को वैशाख पूर्णिमा मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा को ही बुद्ध पूर्णिमा कहते हैं। क्योंकि इस दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के दिन दान, स्नान, जप, तप और पूजा आदि का विशेष महत्व होता है। यह पूर्णिमा की तिथि सभी पूर्णिमा में खास मानी जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत ही बड़ा महत्व है। जो लोग इस दिन गंगा स्नानकरते हैं उन्हें सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। ज्योतिषियों का मानना है कि इस बार वैशाख



पूर्णिमा की तिथि पर भद्रा का साया रहने वाला है। तो आज इस खबर में जानेंगे कि भद्रा का साया कब से कब तक रहेगा। साथ ही इसका प्रभाव क्या पड़ेगा।

वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन वैशाख पूर्णिमा का व्रत रखा जाता है। इस बार वैशाख पूर्णिमा का व्रत 23 मई 2024 को रखा जाएगा। ज्योतिषियों का मानना है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन कई सारे शुभ संयोग भी बन रहे हैं।

इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव वास योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण होगा। ऐसे में वैशाख पूर्णिमा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी और जगत के पालनहार भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो लोग वैशाख पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना करते हैं उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु अपनी कृपा बनाए रखते हैं। जो लोग इस दिन उपवास करते हैं उन्हें कभी भी धन की कमी नहीं होती है। कर्ज समस्या से मुक्ति मिल जाती है। बता दें कि इस बार वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर भाद्रा का साया रहेगा। लेकिन इसका प्रभाव निष्क्रिय रहेगा।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा की शुरुआत 22 मई 2024 को शाम 5 बजकर 42 मिनट पर होगी और समाप्ति अलगे दिन यानी 23 मई को 6 बजकर 42 मिनट पर होगी। उदया तिथि के अनुसार, पूर्णिमा का व्रत 23 मई को रखा जाएगा। ज्योतिषियों के अनुसार, पूर्णिमा के दिन मृत्युलोक में भद्रा का साया है लेकिन यह मान्य नहीं रहेगा। क्योंकि पूर्णिमा के दिन भद्रा 6 बजकर 32 मिनट पर ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए पूर्णिमा के दिन दान-स्नान आदि कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### नोएडा की पारस टिएरा सोसायटी में बड़ा हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नोएडा की पारस टिएरा सोसायटी में रविवार रात बड़ा हादसा हो गया। ब्रेक फेल होने से लिफ्ट अचानक बेकाबू होकर 25वें फ्लोर तक पहुंच गई और छत तोड़ते हुए घर में घुस गई। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोसायटी के टॉवर-5 में हादसा हुआ। लोगों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं अचानक लिफ्ट के ब्रेक फेल होने से हुए हादसे को देखकर लोगों में दहशत हैं और वे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बुलंदशहर में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की पुलिस ने 25 हज़ार के इनामी बदमाश रिजवान को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में वह पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश का नाम धमेड़ा निवासी कुख्यात रिजवान है, जिस पर 18 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। चोरी की पल्सर बाइक पर रिजवान किसी वारदात को अंजाम देने निकला था। पुलिस ने उससे बाइक, तमंचा, 1 खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। कोतवाली नगर पुलिस की काला नदी पटरी पर इनामी बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हुई। शंकर प्रसाद एसपी सिटी बुलंदशहर ने मामले की पुष्टि की।

### पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से मीसा भारती ने किया नामांकन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से मीसा भारती ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री राजद सुप्रीमो लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ ही तेज प्रताप यादव भी मौजूद थे। बता दें कि पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर 1 जून को आखिरी चरण में मतदान होना है।

### मायावती का ऐलान, केंद्र की सत्ता में आए तो अलग अवध राज्य की स्थापना करेंगे

**यूनिक समय, लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरोजनीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्र में बसपा की सरकार बनी तो नए अवध राज्य का गठन करेंगे जिसमें लखनऊभी शामिल होगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि केंद्र में बसपा सरकार बनने पर अलग अवध राज्य की स्थापना की जाएगी, जिसमें लखनऊ भी शामिल होगा। उन्होंने कहा भाजपा और आरएसएस मुफ्त राशन देने का प्रचार गांव-गांव जाकर कर रहे हैं। नमक अदा करने के बदले वोट मांग रहे हैं। जबकि यह राशन जनता के टैक्स के पैसों से बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप भाजपा और आरएसएस का नहीं, बल्कि अपना नमक खा रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस और सपा को भी आरक्षण में भेदभाव करने पर घेरा।

# कानपुर में मतदान खत्म होते ही हुआ बवाल

**यूनिक समय, कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र में वोटिंग समाप्त होने के बाद बवाल हो गया। छेदी सिंह का पुरवा में आर एस पब्लिक स्कूल में मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान खत्म होने के बाद गठबंधन के समर्थक गुड्डू यादव और भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय पासवान के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुड्डू यादव के समर्थकों ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के ऊपर पथराव कर दिया। जिससे संजय और अन्य भाजपा कार्यकर्तों के चोट भी आई हैं। आरोप है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया। इसके बाद पुलिस आरोपियों को गाड़ी में बैठाकर थाने लेकर पहुंची। जैसे ही आरोपियों को पुलिस थाने पर लेकर पहुंची बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और नेता पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर लिया और जमकर हंगामा किया। दक्षिण के जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के साथ-साथ अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थाने में धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की।

### कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प, दो घायल

थाने में हंगामे की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को शांत कराने का प्रयास में लग गए। वहीं, घायल बीजेपी कार्यकर्ता संजय पासवान ने आरोप लगाया है कि मोदी और योगी की नारेबाजी के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता गाली गलौज कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर पथराव किया, जिसमें वह घायल हो गए।

एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि यादव मार्केट क्षेत्र में पोलिंग समाप्त होने के बाद विभिन्न पार्टियों के एजेंट घर लौट रहे थे। तभी दो पार्टियों के कार्यकर्ताओं में झड़प हुई जिसमें एक व्यक्ति के सिर में चोट आई है। इस मामले में तुरंत तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। एडीसीपी ने बताया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ गाली-गलौज की, जिसके बाद यह झड़प हुई। पत्थरबाजी और गोली चलने की बात अफवाह है।

### कंधरापुर गांव के ग्रामीणों ने नहीं डाले वोट

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखीमपुर खीरी जिले के अमीरनगर क्षेत्र के कंधरापुर गांव के लोगों ने पुल नहीं बनने को लेकर मतदान नहीं किया है। सुबह से ग्रामीण मतदान करने बूथों पर नहीं गए। यहां दो बूथ हैं, 407 व 408। कुल मतदाता 1617 हैं। दोनों बूथों पर 1:00 बजे के बाद पांच लोगों ने मतदान किया है। यहां के लोगों की मांग है कि कंधरापुर गांव से गोमती नदी पर कांकड़ घाट पर पुल बनाया जाए, ग्रामीण लंबे समय से पुल बनाने की मांग कर रहे हैं पर जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। इससे ग्रामीण नाराज हैं और उनकी नाराजगी मतदान प्रभावित कर रही है। 1617 में से महज पांच मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदाताओं के बूथ पर नहीं जाने को लेकर बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा।

#### सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर किया जमकर प्रहार

## बोले-यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच का

**यूनिक समय, बाराबंकी।** भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में बाराबंकी पहुंचे सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।उन्होने कहा, कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच जा चुका है। कांग्रेस अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के अधिकारों में सेंध लगाने का काम कर रही है।सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, कि इनकी सहानुभूति कभी गरीबों के साथ नहीं रही,इनकी सहानुभूति माफियाओं के साथ है।

सीएम योगी ने कहा यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। हैदरगढ़ के ग्राम्यांचल विद्यालय में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे सीएम योगी ने भाजपा सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष पर करारा हमला बोला। उंन्होने कहा, कि भाजपा सरकार देश के अंदर सम्मान भी दिलाने का काम कर रही है और सबको सुरक्षा भी दिलाने का काम कर रही है। विकास के बड़े बड़े कार्य हाइवे,रेलवे,मेट्रो,एक्सप्रेस वे ,हर घर नल की योजना,वन डिस्ट्रिक्ट वन



मेडिकल ,एम्स,ट्रिपल आईआईटी जैसे बड़े संस्थान भी बनाने का कार्य कर रही है।

इस दौरान सीएम योगी ने बाराबंकी के महादेवा धाम को भी राममंदिर की तर्ज पर विकसित करने का अपना प्लान बताया। उन्होने कहा, कि सारी औपचारिकता पूरी हो चुकी है। जल्द ही इसे विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि चार जून के बाद हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-ऑफ तारीख देगी। उन्होंने कहा कि सभी माफिया नेताओं की तरफ से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा और गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगी।

## यूपी में दिनदहाड़े पत्रकार की गोली मारकर हत्या, दहशत में लोग

**यूनिक समय, जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में अज्ञात बदमाशों ने पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

यूपी में दिनदहाड़े पत्रकार की गोली मारकर हत्या से इलाके में सनसनी मच गई है। लोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर की हत्या कर दी। आशुतोष एक न्यूज पोर्टल में काम करते थे।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना शाहगंज थाना क्षेत्र के इमरान गंज बाजार की बताई जा रही है।

आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के पीछे भूमाफियाओं का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

बताया जा कहा है कि आशुतोष यहां के गो तस्करों और भूमाफियाओं के खिलाफ लगातार खबरे लिख रहे थे।

## सैदापुर गांव में नहीं पड़ा एक भी वोट

**यूनिक समय, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां ददरौल विधानसभा क्षेत्र के गांव सैदापुर में मतदान का बहिष्कार किया गया। एक भी ग्रामीण ने अब तक वोट नहीं डाला है। चुनाव अधिकारी समझाने के लिए आए तो उन्हें दोटूक जवाब देकर वापस भेज दिया गया और कहा गया कि



दोबारा मत आना, हम मतदान नहीं करेंगे। विवाद सड़क का बताया जा रहा है ग्रामीणों ने ऐलान किया है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, वे मतदान नहीं करेंगे। गांव सैदापुर में बना पोलिंग बूथ नंबर 337 खाली पड़ा है। बूथ के पीठासीन अधिकारी विनायक मेहरोत्रा ने बताया कि उनके बूथ पर कुल 266 वोट हैं, लेकिन सुबह से अब तक एक भी वोट नही पड़ा है। रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ ग्रामीण वोट नहीं डालने की जिद पर अड़े हैं।

### अधिकारी समझाने आए तो ग्रामीण भड़के, बोले- दोबारा नहीं आना

ग्रामीणों को जब पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने समझाया तो उन्होंने कहा कि गांव तक आने के लिए सड़क नहीं है। रास्ता ही नहीं है। आग लग जाए तो फायर ब्रिगेड भी नहीं आती, जिसका खामियाजा हमें ही भुगतना पड़ता है। पोलिंग पार्टिया भी 3 किलोमीटर पैदल चलकर आई है, लेकिन हम मतदान नहीं करेंगे। बारिश के दिनों में पुलिया भी टूट जाती है। न बच्चों को कहीं भेज सकते हैं, न मार्केट तक सब्जियां जा पाती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने बहुत मजबूर होकर यह फैसला लिया है। शिकायत करने, गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार सिंह ने बताया कि एक भी व्यक्ति वोट डालने नहीं आया। उच्च अधिकारियों को जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। वे अपनी मांग मनवाने के बाद ही मतदान करने पर अड़े हैं।

#### सीतापुर हत्याकांड में सामने आई नई थ्योरी

## 45 मिनट तक तड़पते रहे मासूम, प्लानिंग से की हत्या

**यूनिक समय, सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत मामले में गुत्थी सुलझने के बजाय और उलझती जा रही है। मृतक अनुराग सिंह के साले अंकित ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। अंकित ने अनुराग के भाई अजीत पर हत्या का आरोप लगाया है। कहा कि प्रॉपर्टी विवाद को लेकर परिवार की हत्या की गई है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी अनुराग के सिर पर दो गन शॉट के निशान मिले हैं, जिससे पुलिस भी सोचने को मजबूर हो गई है कि ये सुसाइड है या हत्या।

उत्तर प्रदेश के सीतापुर में 6 लोगों की मौत के मामले की गुत्थी उलझती जा रही है। पहले यह बात सामने आई थी कि 40 साल के अनुराग सिंह ने घर के पांच सदस्यों को मारकर खुदकुशी की।



लेकिन इसी बीच जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि मृतक अनुराग के सिर पर दो गोली के निशान हैं। यानि अगर अनुराग ने खुद को गोली मारी, तो पहली ही गोली में उसकी मौत हो जाती। तो क्या ये हत्या है? अब पुलिस के सामने यह सवाल उठ रहा है। इसी बीच अनुराग के साले अंकित ने हत्या का शक अपने जीजा के भाई अजीत पर जताया है।

अंकित ने कहा कि शनिवार सुबह 6 बजे मेरे पास फोन आया कि मेरी बहन प्रियंका, जीजा अनुराग, भांजी आरना सिंह, भांजी आशवी, भांजे आद्विक और बहन की सास की हत्या हो गई है। मेरा भांजा और छोटी भांजी मौका-ए-वारदात पर करीब 45 मिनट तक तड़पते रहे। लेकिन, बहन के देवर अजीत ने बच्चों को अस्पताल ले जाने के लिए अपनी गाड़ी नहीं दी। जबकि, वो उसी घर के सेकंड फ्लोर में रहता है। गांव के ही किसी अन्य शख्स ने घायल दोनों बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

अनुराग के साले का आरोप है कि इस पूरी घटना को योजना बनाकर अंजाम दिया गया है। दोनों बच्चों के भी मरने का इंतजार किया गया। मेरी बहन के ससुर की एक साल पहले ही मौत हो चुकी है। उसके बाद से ही दोनों भाइयों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। अंकित ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इन सबके पीछे प्रॉपर्टी को हथियाने के लिए अजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर योजना बनाकर पूरी घटना को अंजाम दिया। दो महीने पहले बहन प्रियंका ने मुझे बताया था, देवर अजीत हम लोगों को मारने की साजिश रच रहा है। बता दें, सीतापुर के रामपुर स्थित पालापुर गांव में शनिवार सुबह अनुराग (45) की उसके कमरे में लाश मिली थी। बताया गया कि मां सावित्री सिंह (62) और पत्नी प्रियंका (40) को गोली मारने के बाद अनुराग ने उनका सिर हथौड़े से कूच दिया, फिर तीनों बच्चों अस्ना (12), अरवी (7), आद्विक (8) को छत से फेंक दिया। उसके बाद खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। अनुराग गांव में रहकर 100 बीघा जमीन पर खेती करता था। वहीं, पत्नी प्रियंका लखनऊमें एक इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करती थी। फिलहाल पुलिस ने प्रियंका के भाई की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। अजीत से पूछताछ की जा रही है।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

## सार संक्षेप

### कोरबा में टिकट दलाली का भांडाफोड़

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में पुलिस ने चॉइस सेंटर की आड़ में चल रहे टिकट दलाली के खेल का भांडाफोड़ किया है। रेलवे पुलिस ने दलाल समेत कंप्यूटर, लैपटॉप, 9 रिजर्वेशन टिकट, 4 चालू टिकट समेत कई चीजों को जब्त किया है। इस दौरान रेलवे पुलिस ने कोरबा दर्री जमीनी पाली निवासी आशिफ शेख नामक 27 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी यूनिक ऑनलाइन और चॉइस सेंटर नामक दुकान चलाता था।

### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व सीए हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए जमानत देने ले मना कर दिया है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 20 मई तक जवाब मांगा है। जस्टिस खन्ना ने हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल से कहा कि हम ईडी का पक्ष जाने बिना कोई आदेश जारी नहीं कर सकते।

### कार में शिक्षक की जिंदा जलने से मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में चलती कार में भीषण आग लग गई। इस दौरान कार में मौजूद शिक्षक की जिंदा जलने से मौत हो गई है। करतला थाना क्षेत्र के चचिया गांव के लुढ़खेता मोहल्ला के पास की ये घटना बताई जा रही है। हादसे की वजह कार में शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। मृतक का नाम रायगढ़ जिले के छाल थाना निवासी जगत राम बेहरा है।

### दमोह—जबलपुर स्टेट हाईवे पर ट्रक में भीषण आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर टायरों से भरें ट्रक में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रक जलकर राख हो गया। किसी तरह ड्राइवर और कंडक्टर ने जलते ट्रक से भागकर कर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि इंजन के पास से निकली चिंगारी की वजह से ये आग लगी। ये ट्रक दमोह से जबलपुर टायर लेकर आ रहा था। घटना की सूचना लगते ही मौके पर पहुंचे दमकल के वाहन ने आग पर काबू पाया।

### महाराष्ट्र में भीषण अग्निकांड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में सोमवार तड़के भीषण अग्निकांड हुआ। भिवंडी के मानकोली इलाके में भीषण आग लगी। इंडियन कंपाउंड के अंदर 15 से 20 गोदामों में आग भड़कने से हाहाकार मच गया। आनन फानन में फायर ब्रिगेड बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू में आई, लेकिन तब तक गोदामों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

# 13 लोकसभा सीटों पर 58.09 प्रतिशत मतदान

## खीरी में सबसे अधिक 64.73 प्रतिशत हुई वोटिंग



**यूनिक समय, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान की प्रक्रिया 13 लोकसभा सीटों पर पूरी हो गई। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने का दावा किया है। शाम 6:00 बजे तक हुए मतदान की जानकारी आयोग की तरफ से साझा की गई है। जिसके अनुसार 13 सीटों पर 58।09 फीसद मतदान हुआ है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश के 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों शाहजहाँपुर (अ0जा0), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (अजा) के साथ ही ददरौल विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर सायं 6 बजे तक औसतन 58-09 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान प्रतिशत में कुछ बदलाव संभव है, जिसे वोटर टर्नआउट एप पर देखा जा सकता है।

कानपुर में सबसे कम मतदानः मुख्य निर्वाचन अधिकारीउन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मतदान खीरी में 64.73 और सबसे कम मतदान कानपुर में 53.06 प्रतिशत हुआ है। इसके अलावा धौरहरा में 64.45, सीतापुर में 61.91, कन्नौज में 61, शाहजहांपुर में 53.24, उन्नाव में 55.44, फर्रुखाबाद में 58.95, मिश्रिख में 55.79, इटावा में 56.38, बहराइच में 57.45 , अकबरपुर में 57.66, हरदोई में 57.57 और ददरौल विधानसभा उपचुनाव में 53.31 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि 2019 में इन 13 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 58.75 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि इस बार इन 13 में से 5–6 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पिछली बार की तुलना में मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

# सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 93.60%, 12वीं में 87.98% बच्चे पास



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार कक्षा 12वीं में 87.98% बच्चे पास हुए हैं। छात्र सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकतें हैं।

12वीं में लड़कों के मुकाबले 6.40 फीसदी ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं। देश भर में त्रिवेंद्रम सबसे आगे है। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की अंतिम परीक्षा में 1,16,145 छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, जो उत्तीर्ण हुए कुल छात्रों का 7.16 प्रतिशत है।

### पीएम मोदी ने दी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने भी सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा। आप सभी को बधाई जिन्होंने सीबीएसई बारहवीं कक्षा की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है! मुझे आपकी उपलब्धि और आपके अथक समर्पण पर बेहद गर्व है। मैं आपके समर्थक परिवारों और समर्पित शिक्षकों के प्रयासों को भी स्वीकार करता हूं, जिनका अटूट समर्थन इस सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर दो चोर गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में गहने बरामद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। डीसीपी, आईजीआई एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि आभूषण की चोर करने वाले दो लोगों को आईजीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों से चोरी के गहनों का बड़ा भंडार बरामद किया गया है। डीसीपी एयरपोर्ट ने बताया कि पिछले एक साल में आरोपी ने 100 से ज्यादा हवाई यात्राएं कीं। उसने विमान के अंदर और सुरक्षा जांच के दौरान भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।

# मध्य प्रदेश में रिटायर्ड जवान का खूनी 'खेल'

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रिटायर्ड जवान ने आज फायरिंग की। उसने 3 लोगों को गोलियां मारी हैं। घायलों में एक महिला और 2 पुरुष शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पुरुषों की हालत गंभीर है। बिजली के तार लगाने को लेकर हुए विवाद में गोलियां मारी गईं। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर की घटना है।

## शादी के सवाल पर रायबरेली में बोले राहुल गांधी

# अब जल्दी ही करनी पड़ेगी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए रायबरेली पहुंचे। जहां राहुल गांधी से जनता में से किसी ने शादी को लेकर सवाल पूछा। जिससे पहले तो राहुल गांधी बचते हुए नजर आए। मगर फिर प्रियंका गांधी के कहने पर कि सवाल का जवाब दो, राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा कि अब जल्द करनी पड़ेगी।

कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार के लिए आज रायबरेली पहुंचे। जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। बता दें, राहुल गांधी रायबरेली के साथ–साथ वायनाड से भी चुनाव मैदान में खड़े हैं। रायबरेली में रैली को संबोधित करते हुए शादी के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि अब शादी जल्दी करनी पड़ेगी।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही कर्जा माफ करना पहला काम होगा। दूसरा काम किसानो के लिए कानूनी सपोर्ट प्राइस लेके आयेंगे। राहुल गांधी ने तीसरा काम गिनाते हुए कहा कि किसानो को 30 दिन के अंदर बीमा का पैसा देना तीसरा काम होगा।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ठेकेदारी प्रथा को बंद करने जा रही है। पेंशन के साथ नौकरी मिलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि जून में हमारी सरकार आएगी और करोड़ों युवाओं को एक नया अधिकार देंगे, जिसके तहत एक साल की पक्की नौकरी का अधिकार दिया जाएगा।

राहुल गांधी से जनता में से किसी ने शादी को लेकर सवाल पूछा जिस पर राहुल गांधी ने कहा कि मेरी बहन प्रियंका गांधी मेरी मदद के लिए, यहां अपना खून पसीना आपको दे रही है। जिस पर प्रियंका गांधी के सवाल की ने राहुल गांधी से शादी के सवाल की तरफ इशारा करते हुए कहा कि पहले इस सवाल का जवाब दो। जिसके जवाब में मुस्कुराते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अब जल्द ही करनी पड़ेगी।

# तेजप्रताप यादव ने गुस्से में आरजेडी कार्यकर्ता को मंच से दिया धक्का



## मीसा भारती ने हाथ पकड़कर कराया शांत

**यूनिक समय, पटना।** इस वक्त बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे व पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने आरजेडी के कार्यकर्ता को मंच से धक्का दिया है। दरअसल सोमवार को लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती का नॉमिनेशन था। नामांकन सभा के बाद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सभा का आयोजन किया गया था।

मीसा भारती की नामांकन सभा के दौरान तेजप्रताप यादव किसी बात पर नाराज हो गए और उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ता को धक्का दे दिया। यह पूरा नजारा देखकर मीसा भारती हैरान हो गईं। मीसा भारती ने तेज प्रताप यादव का हाथ पकड़ उन्हें शांत कराया। वहीं इसी बीच आनन–फानन में आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने उस कार्यकर्ता को वहां से हटाया।

वहीं मीसा भारती के नामांकन सभा में लालू प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार मीसा भारती को भारी मतों से जिताना है।

इंडिया गठबंधन को चुनना है और नरेंद्र मोदी को चुनाव हराना है। लालू ने कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार यहां रोड मार्च करने आए थे। पटना साहिब के लोग तो नहीं निकले लेकिन यह दोनों अपना मार्च हुलक हुलक के करते रहे और राष्ट्रीय जनता दल पर ही प्रहार करते रहे। इनके प्रहार से हमको कुछ नहीं होने वाला है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmailÜcom website : uniquesamayÜcom सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053